अनमोल विचार

हमे नई परिस्थितियों में नई सोच के सात काम करना चाहिए।

» अब्राहम लिंकन

अखबार नहीं आईना...

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | शहडोल, रविवार, 7 अप्रैल 2024 | वर्ष- 07 | अंक- 90 | पेज-08 | मूल्य- ₹ 3.00/-

## प्रधानमंत्री मोदी बोले- तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में बड़े फैसले लूंगा, तैयारी करके बैठा हूं

# दस साल में भ्रष्टाचारियों पर जो कार्रवाई हुई, वह ट्रेलर, अब पूरी फिल्म बनेगी

**पुष्कर (अजमेर), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में भ्रष्टाचार के खिलाफ और बड़े फैसले लेने जा रहा हूं। मैं पूरी तैयारी करके बैठा हूं। दस साल में जो कार्रवाई हुई, वह ट्रेलर है। बहुत कुछ बाकी है। मोदी ने शनिवार को अजमेर के पुष्कर के मेला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा- भाजपा की सरकार देश के 80 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त अनाज देती है। दस साल में 30 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा गरीबों के खाते में सीधे भेजे हैं। कांग्रेस की सरकार में पैसा बीच में लूट लिया जाता था। कांग्रेस के एक पीएम ने कहा था कि दिल्ली से 1 रुपए भेजते हैं तो 15 पैसा पहुंचता है। यदि 30 लाख करोड़ रुपए उनके पास होते तो क्या होता? हमने जांच की तो पता चला कि कांग्रेस ने 10 करोड़ से ज्यादा ऐसे फर्जी लाभार्थी बनवाकर रखे थे, जिनका कभी जन्म ही नहीं हुआ। योजनाएं उनके नाम पर चढ़ जाती थी। आपके हक का पैसा सीधे कांग्रेस के बिचौलियों के पास जा रहा था। मोदी बोले- कल (5 अप्रैल) कांग्रेस ने झूठ का एक पुलिंदा जारी किया है। यह कांग्रेस को बेनकाब करने वाला घोषणा पत्र है। आप देखें कि हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो सोच आजादी के समय मुस्लिम लीग में थी।



उत्तर प्रदेश में भी शुक्रवार को पीएम मोदी ने रोड शो किया।

### राम नवमी का त्योहार मनाएंगे, देखते हैं कांग्रेस कितना विरोध करती है

नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक सांसद के पास 300 करोड़ रुपए नकद मिले थे। पैसा गिनते-गिनते मशीन थक गई थी। घमंडिया गठबंधन मोदी से इसलिए चिढ़ता है। कांग्रेस के लोग समझ लें, जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही खिलने वाला है। कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए रैली नहीं कर रही है, भ्रष्टाचारी को बचाने के लिए कर रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। पीएम ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में जो चला गया, कांग्रेस ने उसे 6 साल के लिए निकाल दिया। हमारे यहां तो राम-राम सा करके प्रणाम करते हैं। राम के खिलाफ इतना गुस्सा मेरे दिमाग में नहीं बैठ रहा है। राम नवमी आ रही है, लोग जमकर त्यौहार मनाएंगे।

### मोदी को गाली देना वे अपना अधिकार मानते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के नामदार इस कामदार को गाली देते हैं। गाली देना वे अपना अधिकार मानते हैं। ये कामदार ऐसा है कि हर गाली को पचा जाता है। ये मोदी से इसलिए नाराज हैं, क्योंकि मैं देश के गांव-गरीब के साथ चट्टान की तरह खड़ा हूं। जनता के पैसे को लूटना ये लोग अपना खानदानी हक समझते थे।

## न्यूज इन शॉर्ट

### एनआईए समेत 3 राज्य, 5 जिले और 10 थानों में मोस्ट वांटेड डॉन गिरफ्तार

**विजय मत, ब्यूरो बड़वानी।** मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले का मोस्ट वांटेड हथियारों का सौदागर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। तीन राज्यों की पुलिस के साथ ही एनआईए(ह्ढ्ढ) इस बदमाश की लगातार तलाश कर रही थी, तीन पिस्टल और तीन देसी कट्टे



के साथ 3 कुख्यात हथियार तस्कर को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बड़वानी पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा करते हुए बताया कि अवैध हथियारों के विरुद्ध बड़वानी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। वरला पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पंजाब के दो कुख्यात आरोपी अवैध हथियार की डील के लिए आए हुए हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से तीन पिस्टल और तीन देसी कट्टे मिले हैं।

### धार्मिक कार्यक्रम के दौरान 120 फुट ऊंचा रथ गिरा, हजारों श्रद्धालु

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु (ग्रामीण) में अनेकल के पास एक धार्मिक



और सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को 120 फुट ऊंचा मंदिर का रथ ढह गया। जब यह घटना घटी तब 10 से अधिक गांवों के हजारों श्रद्धालु हुस्कुर मद्दुरम्मा मंदिर के वार्षिक मेले में भाग ले रहे थे। सैकड़ों भक्त चारों ओर से बंधी रस्सियों की मदद से विशाल और जटिल रूप से सजाए गए रथ को ऊपर उठाने की कोशिश कर रहे थे, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह दुर्घटनाग्रस्त होकर जमीन पर आ गिरा। घटना में किसी को चोट नहीं आई। बाद में ट्रैक्टर और बैलगाड़ियों की मदद से रथ को वापस उसकी मूल स्थिति में लाया गया।

### एमपी-गुजरात बॉर्डर पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, बस चेकिंग के दौरान सवा करोड़ रुपए और 22 किलो चांदी पकड़ी

**विजय मत, ब्यूरो झाबुआ।** मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक बस में सवा करोड़ से अधिक रुपए और 22 किलो ग्राम चांदी पकड़ी है। पुलिस और एसएसटी की टीम ने यह कार्रवाई की है। बता दें कि शुक्रवार की रात को इंदौर से राजकोट



जाने वाली राहुल ट्रेवल्स की बस को पुलिस ने रोका एफएसटी और एसएसटी टीम बस की चेकिंग कर रही थी। जब टीम ने बस की डिक्की को खोला तो उसमें एक थैला पुलिस को दिखाई दिया। जिसके बाद पुलिस ने जब उसको देखा तो उसमें रुपए और चांदी रखी हुई थी। इस थैले में एक करोड़ 28 लाख रुपए नगद और 22 किलो 365 ग्राम चांदी पुलिस को मिली है। इतनी बड़ी रकम और चांदी का कोई भी मालिक बस में नहीं मिला वहीं बस ड्राइवर को भी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

## भाजपा स्थापना दिवसः कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे सीएम

# कांग्रेस की दुकान बंद करेंगे बहनों के पैसे नहींः मोहन

## बीजेपी में आने वालों से जिन्हें डायबिटीज की बीमारी, वह परहेज करें

**विजय मत, भोपाल**




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दूसरे दलों के नेताओं के बीजेपी में शामिल होने पर बयानबाजी करने वाले भाजपा नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि हम भी बूथ की मीटिंग करते थे। बीजेपी ही है जो बूथ के कार्यकर्ता को उठाकर मुख्यमंत्री बनाती है। अभी हमारे कई मित्र कह रहे हैं कि बीजेपी में इतने लोग आ जाएंगे तो हमारा क्या होगा? उन्होंने कहा कि बीजेपी आने वालों को हम दूध में शक्कर की तरह देख रहे हैं। शक्कर की तरह मिलेंगे तो दूध का आनंद बढ़ेगा, फिर उसमे क्या नुकसान है? उन्होंने कहा कि जिसको डायबिटीज की बीमारी है, वह परहेज करें। मत खाओ, तुमको शक्कर नहीं खाना है तो लेकिन हमको खाना भी आता है और सबको पचाना भी आता है। जिनको अच्छा काम करना है वह आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के वार्ड 10 के बूथ क्रमांक 46 पर बूथ और पन्ना समिति की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक में सीएम यादव ने कहा कि हमें नदी की तरह बहते जाना है। नदी में बहकर बांध बना लें तो कई घरों के खेत सींचते हैं और कई घरों को पानी मिलता है। जैसे बार्डर पर जवान देश की रक्षा कर रहा है वैसे ही पार्टी के जवान पार्टी की रक्षा कर रहे हैं। समझदारी इसमें है कि हमको समय के साथ सबको लेकर चलना है।

### राहुल पर तंजः तू नेता है तू नेता है और वह भाग जा रहा है

सीएम यादव ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को लगातार गुमराह किया। एक परिवार को प्रमुख बनाया। उसमें उतनी क्षमता नहीं उतनी योग्यता नहीं, किसी को जबरदस्ती नेता बनाओ तो बनेगा क्या..वो बनना क्या चाहता है यह बना क्या रहे हैं? ला-लाकर उसको घड़ी-घड़ी माथे पर टिका रहे हैं, तू नेता है, तू नेता है और वो भाग जा रहा है। हमारी पार्टी में काम करते-करते कहां से कहां बिठा देते हैं। वर्ष 2014 के पहले पीएम नरेंद्र मोदी क्या थे और जब मोदी आए तो गंगा की तरह हिमालय पर छा गए।

### कांग्रेसियों की दुकान बंद कर देंगे, लाड़ली बहनों के पैसे बंद नहीं होंगे

उन्होंने लाड़ली बहना योजना बंद होने का बयान देने वाले कांग्रेस के नेताओं को घेरते हुए कहा कि लाड़ली बहना के खाते में पैसे आते हैं, भगवान की दया है लेकिन कांग्रेस नेताओं की छाती पर सांप की तरह घूमता है लाड़ली बहना का पैसा, रोज छाती कूटते हैं। आज बंद, कल बंद कर देंगे। यादव ने कहा कि कांग्रेसियों तुम्हारी दुकान बंद कर देंगे लेकिन बहनों के पैसे बंद नही करेंगे। तुम बोलते रहो।

## राजधानी भोपाल के तेज गेंदबाज अश्विन दास राजस्थान रॉयल्स टीम में

**विजय मत,भोपाल**




मध्यप्रदेश के तेज गेंदबाज अश्विन दास को आईपीएल मैचों के लिए राजस्थान रॉयल्स ने चुना है। टीम की ओर से मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को पत्र लिखकर अश्विन को 14 अप्रैल से 01 मई तक के लिए रिलीव करने का अनुरोध किया गया है। यह मध्यप्रदेश क्रिकेट जगत के लिए बड़ी बात है। अश्विन बतौर नेट्स बॉलर राजस्थान टीम से जुड़ेंगे। बता दें अश्विन भोपाल की अरेरा क्रिकेट अकादमी से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

अश्विन पिछले साल मुंबई इंडियन के साथ मुख्यालय में जुड़े थे। वे मुश्ताक अली, रणजी ट्रॉफी खेल चुके हैं। साथ ही एमपी से विदेश का टूर भी कर चुके हैं। अश्विन के चुने जाने पर कोच सुरेश चैनानी, अकादमी के सचिव हेमंत कपूर, सहयोगी कोच अब्दुल जमील, ज्योतिरादित्य सिंह, अंकित ग्रोवर, उमेश तिवारी और खिलाड़ियों ने प्रसन्नता व्यक्त कर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

### भारतीय छात्र की खोज ने मचाया तहलका

## मंगल पर मिला माउंट एवरेस्ट से भी ऊंचा ज्वालामुखी

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह पर एक मायावी ज्वालामुखी का पता लगाया है। इस खोज से लाल ग्रह के भूविज्ञाान और जीवन की संभावनाओं के बारे में काफी कुछ पता चलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक नए अध्ययन में पता चला है कि शोधकर्ताओं ने मंगल ग्रह पर एक विशाल, असामान्य रूप से संरचित ज्वालामुखी की खोज की है जो माउंट एवरेस्ट को बौना बना देता है। यह ज्वालामुखी दशकों से अनदेखा रहा है। इस ज्वालामुखी की खोज स्श्वझ्रद्ध संस्थान के प्रमुख लेखक और ग्रह वैज्ञानिक डॉ पास्कल ली और मैरीलैंड विश्वविद्यालय के भूविज्ञान के डॉक्टरेट छात्र सौरभ शुभम ने की है। उन्होंने 13 मार्च को द वुडलैंड्स, टेक्सास में 55वें चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन में अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किए। वर्षों के उपग्रह अवलोकन के बावजूद, मंगल ग्रह पर नोक्टिस लेबिरिंथस क्षेत्र में स्थित ज्वालामुखी, अपनी नष्ट और ध्वस्त स्थिति के कारण किसी का ध्यान नहीं गया था। उन्होंने बताया कि इस ज्वालामुखी की खोज की यात्रा 2015 में शुरू हुई।

## मोदी सरकार का 2024 में होगा 2003-04 वाला हाल : खड़गे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मोदी सरकार 2024 के आम चुनाव को लेकर भले ही बहुत आत्मविश्वास जता रही है लेकिन जमीनी हालात बता रहे हैं कि इस बार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के वही हाल होना हैं जो 2003 04 के आम चुनाव में उसके 'इंडिया शाइनिंग' नारे का हुआ था। श्री खडगे ने ट्वीट किया,÷मोदीजी दुनिया भर के हर विषय पर चर्चा करते हैं लेकिन कभी आपने सुना कि महंगाई, बेरोज़गारी, अमीर और ग़रीब की बढ़ती खाई, किसानों की आमदनी पर कोई चर्चा हुई। मोदी सरकार का 2024 के चुनाव में वही हाल होगा जो 2003-04 में 'इंडिया शाईनिंग' नारे का हुआ था।

## बटलर का तूफानः राजस्थान ने बंगलौर को 6 विकेट से हराया

**जयपुर, एजेंसी**

जोश बटलर के नाबाद शतक और संजू सैमसन की तूफानी बैटिंग से राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें मैच में 6 विकेट से हरा दिया।

मुकाबले में आरसीबी की टीम ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली की 113 रनों की नाबाद शतकीय पारी से 20 ओवर में 183 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में राजस्थान ने अपने होम ग्राउंड सवाई मानसिंह क्रिकेट स्टेडियम में 5 गेंद शेष रहते ही मुकाबले को अपने नाम कर लिया। आरसीबी के खिलाफ इस मैच में राजस्थान की शुरुआत बहुत ही खराब रही थी।

### मप्र की सभी 29 सीटों पर मुकाबले की तस्वीर साफ

# बाकी 3 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी घोषित, पूर्व विधायकों को उतारा

**विजय मत, भोपाल**



सत्यपाल सिंह 'नीटू' मुरैना | प्रवीण पाठक ग्वालियर | नरेंद्र पटेल खंडवा

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सभी 29 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है। शनिवार को कांग्रेस ने मध्यप्रदेश की बाकी बची 3 सीटों पर भी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। ग्वालियर से पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, मुरैना से पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) और खंडवा से नरेंद्र पटेल को टिकट दिया है। खंडवा में नरेंद्र पटेल का भाजपा के ज्ञानेश्वर पाटिल से मुकाबला है। कांग्रेस ने मुरैना में भाजपा के शिवमंगल सिंह के सामने सत्यपाल सिंह सिकरवार को मैदान में उतारा है। वहीं, ग्वालियर में भाजपा के भारत सिंह कुशवाह के सामने प्रवीण पाठक को टिकट दिया है। कांग्रेस ने अब तक मध्यप्रदेश की 29 सीटों में से 28 पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। जबकि खजुराहो सीट सपा के लिए छोड़ी गई है।

**खास खबर** शारीरिक संबंधों के लिए सहमति, शादी के झूठे वादे के सबूत के बिना गलत नहीं

# कोई महिला शारीरिक संबंध बनाने का फैसला सोचकर लेती है

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि जब कोई महिला शारीरिक संबंध बनाने का सोच-विचारकर फैसला लेती है, तो जब तक कि शादी के झूठे वादे का स्पष्ट सबूत नहीं हो, इस सहमति को धोखे से हासिल किया गया नहीं माना जा सकता। जस्टिस अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने एक व्यक्ति के खिलाफ रेप के मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। ऐसा इसलिए क्योंकि मामला उन पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया था। दोनों ने अब शादी कर ली है।

अदालत ने कहा कि जब एक महिला परिणामों को पूरी तरह से समझते हुए जानबूझकर शारीरिक संबंध बनाने का विकल्प चुनती है, तो उसकी सहमति को तब तक धोखे से हासिल किया गया नहीं माना जा सकता, जब तक कि उसे पूरा करने की मंशा के बिना शादी के झूठे वादे का सबूत न हो। यह वादा सीधे तौर पर महिला के यौन गतिविधियों में शामिल होने के निर्णय से संबंधित होना चाहिए।

### पहले दर्ज कराया केस, फिर सहमति से कर ली शादी

यह मामला तब शुरू हुआ जब एक महिला ने एक शख्स के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई। उसने आरोप लगाया कि शादी के बहाने युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में पारिवारिक दबाव का हवाला देते हुए शादी के अपने वादे से मुकर गया। इसके बाद, कोर्ट को सूचित किया गया कि जोड़े ने अपने मतभेद सुलझा लिए हैं और कानूनी रूप से शादी कर ली है।

### महिला ने अपनी एफआईआर भी ली वापस

महिला ने अपने मौजूदा वैवाहिक रिश्ते पर खुशी व्यक्त की और अपनी एफआईआर वापस ले ली। उसने स्वीकार किया कि आरोपी की शादी के प्रति अनिच्छा पारिवारिक दबाव के कारण थी, न कि अविश्वास या धोखे के कारण। अदालत ने जांच के दौरान आरोपी की ओर से स्वैच्छिक विवाह पर गौर किया, जिससे संकेत मिलता है कि प्रारंभिक वादा दुर्भावनापूर्ण इरादे से नहीं किया गया था। पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध और दोषसिद्धि की दूरगामी संभावना को ध्यान में रखते हुए, कोर्ट ने आईपीसी की धारा 376 के तहत इसको यह कहते हुए रद्द कर दिया कि मामले को जारी रखना अदालती प्रक्रियाओं का दुरुपयोग होगा और वैवाहिक सद्भाव को बाधित करेगा।

## दिल्ली में बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाला गैंग पकड़ा गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। जांच एजेंसी ने शुक्रवार (5 अप्रैल) को दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर रेड की थी। इस दौरान दिल्ली के केशवपुरम स्थित एक घर से तीन नवजात को बरामद किया गया। इनमें दो लड़के हैं, जिनमें एक डेढ़ दिन और दूसरा 15 दिन का है। एक बच्ची करीब महीने भर की है। सीबीआई ने एक अस्पताल के वार्ड बॉय समेत 7 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें 5 महिलाएं शामिल हैं। आरोपियों का गिरोह बच्चों के रियल माता-पिता या सरोगेट मां से उन्हें खरीदते थे।

## न्यूज इन शॉर्ट



### होमगार्ड जवानों का तैराकी प्रशिक्षण, बोट हैंडलिंग डीप डाइविंग व बाढ़ रेस्क्यूका दिया गया प्रशिक्षण

उमरिया। आपदा प्रबंधन मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार तैराकी प्रशिक्षण, जिला सेनानी महोदय के मार्गदर्शन में प्लाटून कमांडर राहुल कुमार साहू के द्वारा स्थानीय उमरार डैम में एसडीईआरएफ व होमगार्ड जवानों का तैराकी प्रशिक्षण, बोट हैंडलिंग डीप डाइविंग व बाढ़ रेस्क्यू के दौरान बचाव के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के द्वतीय सत्र में जवानों को इंडोर क्लास में जवानों को सीपीआर, चोकिंग एवं सीएसएसआर उपकारण संचालन का अभ्यास कराया गया।

### सी-विजिल में प्राप्त शिकायतो का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं- व्यय प्रेक्षक



सीधी। सीधी संसदीय क्षेत्र हेतु नियुक्त व्यय प्रेक्षक नमिता पटेल ने शुक्रवार को बाणसागर में व्यय लेखाओं का परीक्षण करते हुए कहा कि सी-विजिल में व्यय से संबंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होनें निर्देश दिए कि लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में सुचिता और पारदर्शिता के साथ एसएसटी एवं एफएसटी टीमें कार्य करें। उन्होंने कहा कि सुचिता पूर्ण निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराना सबकी जिम्मेदारी है जिसका निर्वहन सभी अधिकारी निष्ठापूर्वक करें। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि सीधी संसदीय क्षेत्र में हो रही चुनावी सभाओं की जानकारी विडियो निगरानी दल के सदस्य समय सीमा में प्रस्तुत करें। बैठक में संयुक्त संचालक कोषालय एवं नोडल अधिकारी व्यय लेखा राममिलन सिंह ने बताया कि व्यय लेखा निगरानी दल द्वारा समय पर लेखा प्रस्तुत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में व्यय प्रेक्षक द्वारा पेड न्यूज एवं समाचार पत्रों में विज्ञापनों के प्रकाशन के व्यय के संबंध में भी जानकारी ली गई। बैठक में उपायुक्त जीएसटी श्रीमती सुमन मेरावी, जिला आबकारी अधिकारी शहडोल सतीश कश्यप, उप संचालक जनसम्पर्क शहडोल संभाग जीएस मर्सकोले, एवं व्यय निगरानी समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

### कोतवाली पुलिस ने एसएसटी प्वॉइंट देवघटा में दी दबिश



सीधी। जिला बदर की कार्रवाई के तहत जिले की चतुर्दिक सीमा से बाहर जाने के आदेश के उल्लंघन करने वाले आदतन अपराधी सलमान मंसूरी उर्फ कादिर पिता मोह. रफीक मंसूरी (24) निवासी पटेल पुल को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।इस संबंध में कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी पर जिला बदर की कार्रवाई होने के बावजूद वह जिले की सीमा में प्रवेश कर रहा था। मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली की आरोपी सलमान मंसूरी उर्फ कादिर देवघटा सोन नदी के आस-पास तफरी कर रहा है। कोतवाली पुलिस की टीम आदतन अपराधी को गिरफ्तार करने मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर वह भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने घेराबंदी की तो वह देवघटा में बनाये गए एसएसटी नाके में पकड़ा गया। आदतन अपराधी द्वारा जिला बदर की कार्रवाई का उल्लंघन करते जाये जाने पर धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल पडरा सीधी भेज दिया गया है।

### मध्यप्रदेश में मतदान दिवस के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

सीधी। मध्यप्रदेश में लोकसभा के चुनाव के लिये 4 चरणों में मतदान होना है। राज्य शासन ने प्रत्येक चरण के मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार, द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार, तृतीय चरण का मतदान 7 मई 2024 मंगलवार और चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई 2024 सोमवार को होगा। संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन होगा।

### अभिषेक सिंह बघेल होंगे नोडल अधिकारी माइक्रो अब्जर्वर

सीधी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने आदेश जारी कर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सुचारू संचालन के लिए मतदान केन्द्रों में माइक्रो अब्जर्वर की व्यवस्था तथा समन्वय हेतु अभिषेक सिंह बघेल जिला पंजीयक जिला सीधी को नोडल अधिकारी माइक्रो अब्जर्वर नियुक्ति किया गया है।

### जिला कोषालय सीधी को दृ?कक्ष घोषित

सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु एव्हीएससी, एव्हीआरडी, कोविड-19, एव्हीईएस तथा ईटीपीबीएस सर्विस मतदाताओं के मतदान पश्चात प्राप्त मतपत्रों व शील्ड मतपेटियों को कोषालय में विधानसभा सेग्मेंटवार सुरक्षित रखने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर प्रतिदिन प्राप्त होने वाले मतपत्रों एवं पृथक-पृथक मतपेटियों को सुरक्षित रखवाने हेतु जिला कोषालय सीधी को दृ?कक्ष घोषित किया गया है।उन्होने निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के गाईड लाईन अनुसार प्राप्त शील्ड मतपेटियों को कोषालय में सुरक्षित रखवाना सुनिश्चित करेंगें।

# मैहर जिले में आयोजित हुई स्वीप गतिविधियां

**विजय मत, सतना।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मैहर जिले के ग्राम सोनवारी, अमरपाटन के ग्राम धोबहट में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर मैहर रानी बाटड, सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार, एसडीएम अमरपाटन आरती यादव, एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह, लायजनिंग आत्मप्रकाश चतुर्वेदी सहित अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

स्वीप गतिविधि के तहत आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान 26 अप्रैल को किया जायेगा। सभी मतदाता मतदान करें। यही एक सच्चे मतदाता की पहचान है। सभी मतदाता संकल्प लें कि बिना किसी प्रलोभन में आये 26 अप्रैल को नैतिक मतदान में सहभागी बनेंगे। बिना किसी भय के मतदान करें। एसडीएम आरती यादव ने कहा कि मतदान पूरे देश में जाति, धर्म, संप्रदाय सबसे हटकर एक साथ, एक जैसा, एक समान होकर सभी को वोट देने का अधिकार प्रदान करता है। सभी अपने घर, परिवार, मोहल्ले के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। एसडीएम डॉ आरती सिंह ने भी मतदाताओं से मतदान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शत-प्रतिशत मतदान कर रिकार्ड बनाये जाने का संकल्प लिया। इसके पूर्व एसडीएम आरती यादव ने साईकिल रैली निकाल कर प्रेक्षक का अनोखे अंदाज मे स्वागत कर स्वीप गतिविधि के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

इसी प्रकार स्वीप प्रोग्राम के तहत लो-वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्र सोनवारी में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में स्वीप नोडल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजना जैन ने मतदाताओं के बीच पहुंचकर मतदान करने के लिये जागरुक किया। इस अवसर पर सहायक नोडल स्वीप सौरभ सिंह, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, परियोजना अधिकारी विद्याचरण तिवारी, सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता तथा स्थानीय शिक्षक एवं मतदाता उपस्थित रहे।

**सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण–** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सतना की चुनावी गतिविधियों का जायजा लेने नियुक्त किये गये प्रेक्षकों द्वारा गतिविधियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार ने कलेक्टर मैहर रानी बाटड के साथ मैहर जिले के भ्रमण के दौरान अमरपाटन के धोबहट और मुकुंदपुर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होने मतदान केन्द्र पर बिजली, पानी और छॉव की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो, इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं के लिए रेम्प के प्रबंध सुनिश्चित किये जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों को भलीभांति समझे और अक्षरशः पालन करते हुये कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मतदान दिवस के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जायें। आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों में सभी प्रकार की व्यवस्थायें होनी चाहिये। इस अवसर पर एसडीएम आरती यादव, एसडीएम डॉ आरती सिंह भी मौजूद रहीं।

**कलेक्टर इलेवन वर्सेज स्वीप इलेवन का मैच आज–**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदाता जागरूकता के लिए मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन 7 अप्रैल को कलेक्टर इलेवन और स्वीप इलेवन के बीच खेला जायेगा। मैत्री क्रिकेट मैच प्रातः 7 बजे से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के ग्रांउड में आयोजित होगा।

**हाँथों में मेंहदी रचाकर दिया मतदान करने का संदेश–**लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में लगातार स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मतदान की तिथि जैसे-जैसे निकट आ रही है, वैसे-वैसे मतदाता जागरूकता की गतिविधियां जोर पकड़ रही हैं। स्वीप के जारी कैलेंडर के अनुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को जिले की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की महिला कार्यकर्ताओं ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने हाँथों में शत प्रतिशत मतदान करने की मेंहदी लगाकर मतदान दिवस पर मतदान करने के लिये जिले के मतदाताओं को प्रेरित किया।

## उपार्जन कार्य के सुचारु संचालन के लिये अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

**विजय मत, सतना।**

रबी विपणन वर्ष 2024-25 के लिये समर्थन मूल्य पर चना, सरसों और मसूर की खरीदी के लिये शासन स्तर गाइडलाईन जारी की गई है। गाइडलाईन के अनुसार खरीदी कार्य के सुचारु संचालन के लिये कलेक्टर अनुराग वर्मा ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेशानुसार उपायुक्त सहकारिता और महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को लॉजिस्टिक, हम्माली, तुलाई, भराई, तौलकांटा, धागा, टैग, स्टेंसिल, पेयजल, छायादार स्थान, कंप्यूटर्स, तकनीकी उपकरण, भुगतान संबंधी कार्य एवं उपार्जन केंद्रों की स्थापना का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड एवं जिला प्रबंधक स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन को केंद्रों में बारदानों की व्यवस्था, सर्वेयर की नियुक्ति, परिवहन, भुगतान संबंधी कार्य, प्रबंधक स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन को भंडारण के लिये वेयरहाउस संबंधी व्यवस्था, डब्ल्यू.एच.आर. जारी करना, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को ई-उपार्जन पोर्टल से संबंधित आवश्यक सहयोग और तकनीकी समस्यायों का निराकरण तथा समस्त प्रबंधक उपार्जन संस्था को प्रतिदिन की खरीदी उपरांत पोर्टल पर खरीदी मात्रा की जानकारी प्रविष्टि करने का दायित्व सौंपा गया है। नापतौल निरीक्षकों को उपार्जन केंद्रों के नापतौल उपकरणों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण, कैलीब्रेशन एवं तौलकांटे में शिकायत प्राप्त होने पर केंद्र प्रभारी की उपस्थिति में उपकरण की जांच करने का दायित्व दिया गया है।

### मैहर में सुबह 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहन नहीं कर सकेंगे प्रवेश

सतना। धार्मिक नगरी मैहर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्रि मेले में अत्यधिक संख्या में श्रृद्धालु मां शारदा के दर्शन के लिये पहुंचते हैं। इस दौरान सतना, रीवा एवं कटनी की ओर से दर्शनार्थी पैदल आते हैं। मैहर में 9 से 18 अप्रैल तक चलने वाले चैत्र नवरात्रि मेले में अत्यधिक संख्या में दर्शनार्थियों के पहुंचने और भारी वाहनों के कारण संभावित दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने 8 अप्रैल से 18 अप्रैल तक मैहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार सुबह 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहन मैहर शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## चित्रकला प्रतियोगिता : गणेश स्कूल के छात्रों ने कागज पर उकेरे कल्पनाओं के रंग



**विजय मत, सीधी।**

स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा में शनिवार को सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां (सीसीए) के अंतर्गत विद्यार्थियों को उनकी कल्पना को प्रेरित करने तथा उनके विकास को बढ़ावा देने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में छात्रङ्कछात्राओं ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अपने विचारों को रंग के जरिए उन्हें कागज पर सजीव किया।

आर्ट टीचर राजकपूर चितेरा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में बच्चों को कई विषय दिए गए, जैसे कि जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक को न कहना, ग्रह पृथ्वी को बचाना और पर्यावरण प्रदूषण आदि। जिसे छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं के रंग को ड्राइंग शीट पर उतार दिया। कहा कि अगले कार्य दिवस में चित्रकला का मूल्यांकन होगा। उसके बाद नतीजे घोषित व पुरस्कृत किए जाएंगे।

स्कूल के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धक प्रतिभाग की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। कहा कि इन बच्चों को देखकर ऐसा लग रहा है मानो वो चित्र में नहीं अपनी जीवन में रंग भर रहे हैं। डॉ. तिवारी ने कहा कि बच्चे चित्रकला के माध्यम से अपने मन के भाव कागज पर उकेरते है, और उनके सोच में सृजनात्मकता आती है। बच्चें खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों के साथ-साथ पढ़ाई में भी आगे बढ़े। क्योंकि पढ़ाई आपके भविष्य में काम आती रहेगी व आगे बढ़ने के लिये मदद करेगी।

स्कूल की एच.एम. प्रीति शर्मा ने कहा कि बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य कल्पना की दुनिया को चित्रित करना और स्वच्छ, हरित और ऊर्जा कुशल बनाना है। उन्होंने बच्चों को प्लास्टिक और उनके दुष्प्रभाव को कैसे कम किया जा सकता है व पृथ्वी के संरक्षण के उपायों को बताया। प्रतियोगिता में पहली से आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर स्कूल के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## स्थानीय रेत चोर माफिया प्रशासन को दे रहे चुनौती

**विजय मत, मानपुर।**

मानपुर विधानसभा मुख्यालय में देखा जाए तो राजस्व सीमा कहें या जंगल सीमा क्षेत्र जहां रेत दिखी वहीं से रेत माफियाओं ने बेहिचक रेत का उठाव सुरु कर दिया सूत्रों की माने तो इन्हे स्थानीय सासन प्रशासन की खुली छूट मिलने के कारण दिन दहाड़े अवैध तरीके से भारी मात्रा में रेत का उत्खनन कर परिवहन करने में किसी भी प्रकार की परेसानी का सामना नहीं करना पड़ता नतीजन इन दिनो देखा जाए तो मानपुर से लगे आस पास के जंगल क्षेत्र वा राजस्व क्षेत्र के नदी नालों में रेत ही नही बची जहां रेत उठाव के गड्ढे साफ बयां कर रहे हैं की किस तरह रेत माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से रेत उठाव कार्य को अंजाम दिया गया है। सूत्रों की माने तो पहले दिन दहाड़े ही रेत का अवैध तरीके से उत्खनन कर परिवहन किया जाता रहा लेकिन इन दिनो प्रदेश में अचार संहिता लग जाने के कारण आधी रात से सुबह तक बेधड़क रेत का उत्खनन कर परिवहन कराया जाता है ऐसा नहीं है की सासन प्रशासन को इन स्थानीय रेत चोर कहे जाने वाले अपराधी प्रवत्ति के माफियाओं के द्वारा की जा रही रेत की तस्करी की जानकारी न हो बल्कि सब कुछ जानते हुए भी इन रेत माफियाओं को सासन प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा खुल कर सहयोग किया जाता है इतना ही नही उक्त रेत माफिया आधी रात से सक्रिय हो उठते हैं और ग्रुप बना कर सहर के तिराहा चौराहा में अपना डेरा जमाते हैं जिनके द्वारा पूरी रात शराब खोरी की जाती है और आने जाने वाले बाहरी मुसाफिरों के साथ मारपीट वा लूट पाट जेसी घटनाओं को अंजाम देना उनके लिए आम बात हो चली है जिन्हे प्रशासन का खुला संरक्षण मिलने के कारण पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत भी नही कर पाता और इसी के चलते इन रेत कारोबारियों द्वारा पूरी रात मानपुर सहर में उत्पात मचाया जाता है सूत्रों की माने तो इन्ही के बीच में कुछ प्रशासनिक लोगों के शामिल होने की जन चर्चा इन दिनो सहर में जोर पकड़ा हुआ है जिसका जीता जागता उदाहरण के तौर पर रात में किसी भी वक्त देखा जा सकता है

जिले के संवेदन शील कलेक्टर वा पुलिस अधिक्षक से जाना पेक्षा है की संबंधित मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय ट्रेक्टर टाली से रेत चोर माफियाओं पर प्रशासनिक शिकंजा कसा जाए ताकि जंगल वा राजस्व के नदी नालों का वर्चस्व बरकरार रखा जा सके साथ ही आए दिन आधी रात शराब के नशे में इन रेत कारोबारियों द्वारा मचाए जा रहे उत्पात से आने जाने वाले बाहरी मुसाफिरों के साथ होने वाली मारपीट वा लूटपाट जेसी घटनाओं से आम जन को भी निजात दिलाया जा सके।

## चना, मसूर, सरसों की खरीदी के लिये 14 उपार्जन केंद्रों का निर्धारण

**विजय मत, सतना।**

रबी विपणन वर्ष 2024-25 की उपज चना, मसूर, राई, सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी 31 मई 2024 तक की जाएगी। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिला उपार्जन समिति की सहमति से उपार्जन के लिये 14 केंद्रो का निर्धारण किया है। जारी आदेशानुसार तहसील नागौद अंतर्गत उपार्जन संस्था विपणन सहकारी समिति नागौद का उपार्जन केंद्र कृषि उपज मंडी नागौद, सहकारी समिति सेमरी का वैभव लक्ष्मी वेयरहाउस नागौद एवं सहकारी समिति जसो का खरीदी केंद्र एबी वेयरहाउस नागौद निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार तहसील उचेहरा अंतर्गत सहकारी समिति उचेहरा का खरीदी केंद्र बरमेंद्र वेयरहाउस, तहसील मझगवां और कोठी अंतर्गत सहकारी समिति मझगवां का खरीदी केंद्र जागेश्वर वेयरहाउस मझगवां, रघुराजनगर अंतर्गत गैवीनाथ सहकारी समिति मझगवां का केंद्र कृषि उपज मंडी सतना, सहकारी समिति डाड़ीटोला का केंद्र एसडब्लूसी डिलौरा, बिरसिंहपुर अंतर्गत सहकारी समिति नयागांव खुटहा का केंद्र महामाया वेयरहाउस तिघरा तथा तहसील रघुराजनगर और कोटर अंतर्गत रामानुजम विपणन समिति रामपुर बघेलान का खरीदी केंद्र एस.डब्लू.सी. लखनवाह को बनाया गया है। जारी आदेशानुसार तहसील मैहर अंतर्गत मां शारदा सहकारी समिति मैहर का खरीदी केंद्र मारुति नंदन वेयर हाउस, सहकारी समिति बठिया का श्रीमती कांती अवस्थी वेयरहाउस नादन, सहकारी समिति बदेरा का एसपी वेयरहाउस चटकेला ककरा, अमरपाटन अंतर्गत सहकारी समिति अमरपाटन का दुलारी वेयरहाउस अमरपाटन तथा रामनगर अंतर्गत उपार्जन संस्था सेवा सहकारी समिति गंजास का उपार्जन केंद्र मे. महाऋषि मार्कण्डेय चंदवार निर्धारित किया गया है।

## ट्रांसफर के बाद भी पुराने जगह नही छोड़ पा रहे है पटवारी

**दो बार कलेक्टर ने किया था तबादला - एक-एक माह का हाईकोर्ट से मिला था स्थगन**

**विजय मत, सीधी।**



विधानसभा से पूर्व निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर सीधी द्वारा 7 जुलाई 2023 को तीन वर्ष के ज्यादा समय से एक ही स्थान में जमे 24 हल्का पटवारियों को स्थानांतरित किया गया था। इस लिस्ट में पटवारी दीपचन्द्र साहू का भी नाम शामिल था इनका स्थानांतरण गोपदबनास तहसील से सिहावल तहसील में किया गया था। इस आदेश के विरूद्ध दीपचन्द्र साहू हाईकोर्ट में जाकर 30 दिन का स्थगन प्राप्त कर लिया था। स्थगन की समय-सीमा भी अब समाप्त हो गई है बावजूद इनको आज तक कार्यमुक्त नही किया गया है। इसके पूर्व भी 5 अक्टूबर 2022 को दीपचन्द्र साहू का तबादला तहसील कुसमी में किया गया था तब भी दीपचन्द्र साहू हाईकोर्ट की शरण में जाकर परिजनों की बीमारी एवं बच्चों की पढ़ाई का हवाला देकर स्थगन प्राप्त करने में सफल हो गए थे लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि स्थगन समाप्त होने के बाद भी इनको भारमुक्त करने की जहमत आखिर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्यों नही उठाई जा रही है। वहीं सूत्रों द्वारा बताया गया कि राजनैतिक दबाव एवं अधिकारियों की खुशामद करने के कारण ये लगातार डटे हुए है जो चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि प्रभारी मंत्री के आदेशानुसार कलेक्टर सीधी द्वारा 7 जुलाई 2023 को इन पटवारियों को स्थानांतरित किया गया था। तहसील गोपद बनास से पटवारियों को स्थानांतरण के बाद 19 अक्टूबर 2023 को तहसीलदार द्वारा संबंधित पटवारियों को अपना प्रभार सौंपकर भारमुक्त करने का आदेश जारी किया गया था। फिर भी पटवारी दीपचंद साहू अधिकारियों के आगे-पीछे यहीं घूम रहे हैं। इन्हें आज तक भारमुक्त करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है।

**नहीं भंग हो रहा मुख्यालय से मोह –** बताया गया कि पटवारी दीपचन्द्र साहू का जिला मुख्यालय से मोह भंग नही हो रहा है। दीपचन्द्र साहू का कलेक्टर ने दो बार तबादला किया था लेकिन एक माह का स्थगन आदेश लेकर मुख्यालय में बैठे हुए है। वहीं सूत्रों द्वारा बताया गया कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सेवा शुल्क लेकर इनको भारमुक्त करने की जरूरत नही समझ रहे है जिससे ये आये दिन मनमानी ढंग से कार्य भी करते देखे जा रहे है।

**निर्देश** चुनाव ड्यूटी की अवधि चुनाव घोषणा की तारीख से परिणाम की घोषणा तक होगी

## चुनाव ड्यूटी के दौरान मतदान/सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

**विजय मत, सीधी।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान/सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं। आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवासध्कार्यालय छो?ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवासध्कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा।

बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए, प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदानध्मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।

### अनुग्रह राशि

निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे स?क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपये और गंभीर चोट के परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, जैसे अंग की हानि, आंख की दृष्टि, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। अनुग्रह राशि का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उसके मौजूदा दिशानिर्देशों के तहत पहले से ही भुगतान किए जा रहे मुआवजे और राज्य सरकार या किसी नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी अन्य मुआवजे के अतिरिक्त होगा। अनुग्रह राशि का भुगतान बिना किसी अनावश्यक देरी के शीघ्र किया जाएगा।

### कैशलेस इलाज

आयोग ने चुनाव में शामिल ऐसे सभी कर्मियों के लिए अत्याधुनिक अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है, जो ड्यूटी के दौरान घायल हो जाते हैं या बीमार प? जाते हैं। उपचार में तेजी लाने और देरी से बचने के लिए, चुनाव की घोषणा तक अस्पतालों के साथ अग्रिम रूप से व्यवस्था/टाई-अप कर पी?तों को कैशलेस सुविधाएं दी जा सकती हैं।

### थोक में एसएमएस भेजने का खर्च उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा

सतना। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के खाते में जोड़ देगा। निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनैतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध होगा।

# स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रो में पानी की समस्या, विभाग ने दिखावे के लिए लगाया नल जल योजना

**विजय मत, घुनघुटी।**

जिले में संचालित प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के अलावा आंगनबाड़ी केंद्रो को शुद्ध पेयजल सुविधा मुहैया कराने की योजना उमरिया जिले के जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली के घुनघुटी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूलों में लगे नल दम तोड़ते नजर आ रही है, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग की उदासीनता व लापरवाही के कारण लक्ष्य के अनुसार आज भी विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रो में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं बन पाई है। जिससे नौनिहालों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है जल जीवन मिशन के तहत घुनघुटी,बकेली,चौरी,मालाचुआ, हथपुरा जैसे विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जानी थी। जिससे विभाग अब तक 194 विद्यालय वा 182 आंगनबाड़ी केंद्रों में ही पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बना पाई है, इतना ही नहीं जिन विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र में पीएचई विभाग ने बोर में मोटर पंप डाला है वह भी कई जगहों से खराब हो चुके हैं,आखिर कैसे थमेगी ।

**मोटर पंप डाल कर देना था नल कनेक्शन**-बिरसिंहपुर के घुनघुटी क्षेत्र से लगे हुए माध्यमिक प्राथमिक व आंगनबाड़ी केंद्रो में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी व हैंडपंप में नल कनेक्शन के साथ ही बोर में मोटर डालकर पानी पहुंचाने का काम करना था शुरुआती में ही सप्ताह भर पानी चला और उसके बाद नल से



हवा उगलने लगा नल, अब यहां स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रो में पानी की त्राहि त्राहि मची हुई है।, वहीं इस बात को लेकर पाली परियोजना विभाग से बात किया गया तो उन्होंने कहा की सप्ताह भर नल आंगनबाड़ी केंद्र पर लगा हुआ चला उसके बाद यह एक दिखावे के रूप में लगा रह गया, ।

### नहीं कराया कनेक्शन,

योजना में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र में पीएचई विभाग के जिम्मेदार वा ठेकेदार के गांठजोड़ से घटिया काम कराया गया है जिसके कारण कई संस्थानों में मशीन लगाने के कुछ ही दिन बाद पानी की सप्लाई बंद हो गई अब संस्थाओं को दूर से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं कुछ संस्थानों पर बोर में मोटर डालने के बाद अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं कराया गया, जिससे पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है, अधिकारियों ने बिजली कनेक्शन ही नहीं कराया कुछ माह बीता तो कह दिया की मोटर खराब है जबकि पूर्व से ही खराब मोटर डाली गई थी।

### घुनघुटी क्षेत्र की स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की समस्या

पाली ब्लॉक के घुनघुटी क्षेत्र के विभाग ने अभी तक 50: से कम संस्थानों में पेयजल की व्यवस्था बना पाई है स्कूल व आंगनवाड़ी में स्थिति यह है कि आधे से ज्यादा स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था ही नहीं है, आसपास लगे हैंडपंप या फिर बस्तियों व होटल से पेयजल आपूर्ति कर रही है।

## न्यूज इन शॉर्ट



### नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली नृत्य के माध्यम से चलाया जा रहा जन जागरूकता अभियान

धनपुरी - नगर पालिका धनपुरी द्वारा प्रभात वरकड़े, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में दिनांक-05.04.2024 को वार्ड क्र0-01,02,03,18,19 में घर-घर दस्तक देकर नागरिको को मतदान के प्रति जागरूक कर उत्साहित किया गया साथ ही वार्ड क्र0-02 बैंक आफ ब?ैदा के पास,वार्ड क्र0-13 स्टेट बैंक के पास एवं वार्ड क्र0-10 पुरानी अमराडण्डी में स्वीप प्लान के तहत् नुक्क? नाटक एवं कटपुतली नृत्य के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया साथ ही उक्त कार्यक्रम में उपस्थित आम नागरिको को शत् प्रतिषत मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। एवं नगर पालिका के स्वच्छता के सफाई मित्रो एवं फीड बैक फाउन्डेषन चेरिटेबल ट्रस्ट स्वयं सेवी संस्था के भी द्वारा शत प्रतिषत मतदान करने एवं आम नागरिको को जागरूक करने की शपथ ली गयी । नगर पालिका धनपुरी की डोर टू डोर कचडा संग्रहण वाहन के माध्यम से भी मतदाताओ को गीत के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभात वरकड़े के द्वारा दिनांक-19.04.2024 दिन शुक्रवार को सभी नागरिको से 100 प्रतिषत मतदान करने हेतु अपील की गयी उक्त कार्यक्रम मे सचिन कचेर, मीना सिंह, देववती पाल, विनोद रजक, अमरेन्द्र यादव, अजय चतुर्वेदी, आषीष तिवारी, राकेष चैधरी, शैलेस पाठक, अनुराग सोनी एवं स्व सहायता समूहो की बहने आदि उपस्थित रहें।

### 245 चालानों में 1,04,100/- रूपये समंस शुल्क वसूले

शहडोल। शहडोल पुलिस द्वारा बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 245 चालानों में 1,04,100/- रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### आबकारी एक्ट के तहत चार स्थानों पर कार्यवाही

शहडोल। अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने कोलमी में दबिश देकर आरोपिया विशाल पाव पिता मनबोध पाव उम्र 48 वर्ष निवासी कोलमी छोट के कब्जे से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 700 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम छांटा टोला में दबिश देकर आरोपी लक्ष्मण सिंह उर्फ भोला पिता रामस्वरूप सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी छांटा नवा टोला के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1000 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने धनपुरी में दबिश देकर आरोपी दिलीप कोल पिता राजू कोल उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड न0 15 धनपुरी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम दतारी में दबिश देकर आरोपी रामकुशल कोल पिता सोनेलाल कोल उम्र 20 वर्ष निवासी दतारी के कब्जे से 08 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## सगी चाची को टगिया मारकर हत्या करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजय मत, उमरिया।**

थाना नौरोजाबाद में 4 अप्रैल को फरियादिया रन्नू कोल पति राम प्रसाद कोल निवासी ग्राम पठारी रिपोर्ट दर्ज कराई की जेठ लल्लूलाल कोल हमारे पूरे परिवार को मां बहन की गंदी गंदी गालिया दे रहे थे तब मेरी सास कलवतिया कोल घर से बाहर आकर जेठ को गाली गुप्तार करने से मना की तो जेठ लल्लूलाल कोल द्वारा टंगिया से मेरे सास के गर्दन मे मार कर उसकी हत्या कर फरार हो गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना नौरोजाबाद में धारा 302 ताहि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । मामला अत्यंत गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता नायडू तत्काल मौके पर पहुचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया एवं स्वयं मृतक के परिजनो से पूछताछ की एवं विवेचना अधिकारी को भौतिक साक्ष्य एकत्र करने व आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिये गये । निर्देश के पालन मे थाना प्रभारी नोरौजाबाद द्वारा घटना स्थल से भौतिक साक्ष्य एकत्र किये गये एवं विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश लगातार की गई । पुलिस के अथक प्रयासो के परिणामस्वरूप आरोपी को 5 अप्रैल को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई जो कि छिप रहा था एवं अन्यत्र स्थान पर भागने की फिराक में था । आरोपी आये दिन पारिवारिक विवाद के कारण गाली गलौच करता था घटना दिनांक के दिन भी आरोपी द्वारा मृतिका एवं उसके परिवार को गाली गलौच कर रहा था जिस पर मृतिका के विरोध करने पर उसकी टांगिया मार कर हत्या कर दी । आरोपी के कब्जे से घटना के समय पहने हुये रक्त रंजित कपडे एवं घटना मे प्रयुक्त टंगिया को जप्त किया गया है मामले से संबंधित अन्य विधि संगत साक्ष्य एकत्र कर विवेचना की जा रही है ।विशेष भूमिका दृ संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी नौरोजाबाद निरी अरूणा द्विवेदी, उनि शिवनाथ प्रजापति, आर. देवेन्द्र चौधरी, आर. देवेन्द्र सिंह. आर. अतुल मिश्रा प्र.आर. चालक अजंनी मिश्रा का योगदान रहा ।

### आरोपी से 2 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त

शहडोल। मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि बिनोद कुमार राना नाम का व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर रेल्वे स्टेशन अमलाई से अमराडण्डी तरफ जा रहा सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा पुराना अमराडण्डी मस्जिद तिराहा के पास पहुंचकर कुछ समय बाद एक व्यक्ति हाथ में झोला लेकर आते दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराह स्टाफ की मदद से पकड़कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विनोद कुमार राना पिता हेमंत राना उम्र 30 वर्ष निवासी सिलेट पड़ा थाना घंटा पाड़ा जिला बौध उड़ीसा का होना बताया। तलाशी में विनोद राना के पास से मादक पदार्थ गांजा 02 किलो 500 ग्राम कीमती 25,000 बरामद हुआ। पुलिस टीम के द्वारा गांजा को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### ग्राम कुनकुनी मे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न

उमरिया 6 अप्रैल - भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है । मतदान मे अधिक से अधिक मतदाता अपने मत की आहुति दे, इसके लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके , मतदाताओ को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है । मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम कुनकुनी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाता एवं युवा मतदाताओ का सम्मान किया गया । ग्राम कुनकुनी में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीण मतदाताओ को 19 अप्रैल के दिन शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई । साथ ही मतदाताओ को शपथ दिलाई गई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।कार्यक्रम में जनपद पंचायत से अधिकारी/कर्मचारी, आजीविका मिशन से ब्लॉक समन्वयक तथा बीएलओ, सचिव उपस्थित रहे।

## 1 मई खनिक दिवस समारोह मजदूरों के बीच आयोजित करने को लेकर की मांग

**विजय मत, धनपुरी।**



श्रम संगठन हिंद मजदूर सभा एसईसीएल सोहागपुर एरिया में श्रमिकों के हितों को लेकर हमेशा अपनी आवाज को उठती है और यह प्रयास करती है कि मजदूरों के हित में काम हो और उनकी समस्याओं का समाधान हो इस बीच एक बार फिर हिंद मजदूर सभा के एरिया महामंत्री शिवनारायण मिश्रा ने अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक को एक पत्र लिखकर इस बात की मांग की है कि 1 मई खनिक दिवस के अवसर पर मजदूरों के बीच खनिक दिवस समारोह आयोजित किया जाए ताकि कर्मचारियों के उत्साह को भी बढ़ाया जाए और उनके योगदान पर उनका सम्मान भी किया जाए।हिंद मजदूर सभा के एरिया महामंत्री शिवनारायण मिश्रा ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ पी एस मिश्रा को लिखे पत्र में कहा कि आज एसईसीएल आपकी कुशल नेतृत्व नीति निर्देशन बैठक परिश्रम से निरंतर आगे बढ़ रहा है और वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 187.38 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर ऐतिहासिक कीर्तिमान को स्थापित किया है जिसके लिए हिंद मजदूर सभा आपको बधाई भी देती है।हिंद मजदूर सभा के महामंत्री शिवनारायण मिश्रा ने पत्र में इस बात को भी लिखा है कि एसईसीएल के किसी न किसी क्षेत्र में मजदूरों के बीच में मई दिवस समारोह आयोजित किया जाता था जिस प्रकार मेले में लोग सपरिवार सज धज कर आनंद उत्सव उमंग के साथ जाते हैं ठीक उसी प्रकार कर्मचारी सपरिवार एवं नागरिक जनप्रतिनिधि समारोह में भाग लिया करते थे और इस कार्यक्रम में कोयला उत्पादन से संबंधित मशीनों व कार्य पद्धति व कोल इंडिया द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए गए कार्यों से संबंधित झांकियां प्रदर्शित किए जाते थे जिससे कर्मचारियों के परिवार व आम नागरिक तकनीकी ज्ञान लाभ प्राप्त करते थे।

## वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा होने पर एसईसीएल के अध्यक्ष से प्रबंध निदेशक महाप्रबंधक को दी बधाई

**विजय मत, धनपुरी।**

एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ पी एस मिश्रा ने सोहागपुर एरिया महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा को 2023- 24 के वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने पर बधाई दी है साथ में एरिया के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इस सफलता पर बधाई देते हुए कहां की सभी की मेहनत से यह लक्ष्य पूरा हुआ और इसी तरह कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर काम करना है। ज्ञात होगी 2023 -24 में एसईसीएल मुख्यालय के द्वारा सोहागपुर एरिया को 58 लाख वार्षिक कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था लेकिन एरिया ने इससे अधिक 60 लाख टन कोयला उत्पादन कर एक नए कीर्तिमान को भी बनाया एरिया की इस सफलता पर अध्यक्ष सहित प्रबंध निदेशक ने बधाई दी और कहीं ना कहीं यह पूरे एरिया के



लिए एक खुशी की बात है अब 2024- 25 में भी मुख्यालय के द्वारा 64 लाख टन कोयला उत्पादन का वार्षिक लक्ष्य दिया गया है इस उत्पादन लक्ष्य को 1 वर्ष में एरिया को पूरा करना है वर्तमान में अगर देखा जाए तो मेगा प्रोजेक्ट रामपुर ओपन कास्ट में भी तेजी से कोयला उत्पादन हो रहा है और इस वर्ष यहां का भी उत्पादन 15 लाख टन वार्षिक रखा गया है।

एसईसीएल सोहागपुर एरिया महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा ने कहा कि टीम भावना के साथ सभी ने मिलकर काम किया जिस कारण से यह सफलता मिली और एरिया के सभी अधिकारी और कर्मचारी इसके लिए बधाई के पात्र हैं निश्चित ही इस वर्ष भी जो वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य दिया गया है उसे पूरा करने की दिशा में काम किया जाएगा और उसे वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा वैसे भी अगर देखा जाए तो एसईसीएल सोहागपुर एरिया कोयला उत्पादन को लेकर पूरे वर्ष जो मेहनत करती है इस मेहनत के कारण व लक्ष्य को भी पूरा करती है और उससे आगे भी निकल जाती है उत्पादन के साथ-साथ घाटा काम करने की दिशा में भी एरिया तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**कार्यक्रम**

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने में

## मतदान दलों के प्रभावी प्रशिक्षण का सर्वाधिक महत्व - आयुक्त शहडोल संभाग



**विजय मत, शहडोल।**

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतदान के लिए मतदान दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संपूर्ण निर्देशों की जानकारी तथा उनके क्रियान्वयन आयोग के प्रपत्रों को भरने एवं समय समय पर रिर्पोटिंग तथा ईव्हीएम मशीन का संचालन के लिए दक्ष होना मतदान दलो के लिए जरूरी है । यह तभी संभव है जब मतदान दलों को प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षक सूक्ष्मता से प्रशिक्षित करें तथा उनकी शंकाओ का समाधान करें । प्रशिक्षण में सैध्दांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है । सभी मतदान दल के सदस्य मतदान संबंधी गतिविधियों की गहन जानकारी प्राप्त करें। यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग बी एस जामोद ने जिला मुख्यालय उमरिया के शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में लोक सभा निर्वाचन हेतु गठित मतदान दलो के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के निरीक्षण के दौरान मतदान दलों एवं मास्टर ट्रेनर्स को दिए। निरीक्षण के समय सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, संयुक्त आयुक्त जी एस कनेश, एआरओ बांधवगढ रीता डेहरिया, मानपुर कमलेश नीरज, प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डा अभय पाण्डेय, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, संजय पाण्डेय, मनोज व्दिवेदी, एस के गौतम, राज कुमार महोबिया, प्रभात रंजन, उप संचालक जनसंपर्क जी एस मर्सकोले, विनय शर्मा, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे ।

मास्टर ट्रेनर्स गरिमा शर्मा ने मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतगणना एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं माकपोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं माकपोल, माकपोल का क्रम, माकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, माकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन,विस्थापन, व्हीव्हीपीएटी पेपर स्लिप पर गलत प्रिंट, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग,किंग, बुकलेट प्रपत्र, आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा पीठासीन अधिकारियों को डज नाट, डू नाट की जानकारी दी गई ।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाईक रैली एवं स्वीप कार्यक्रम का आयोजन मलियागुडा में आज

उमरिया - भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है । मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत 7 अप्रैल को सायं 4 बजे से बाईक रैली एवं स्वीप कार्यक्रम इरेक्टर हास्टल मलियागुडा एमपीबी कालोनी पाली जनपद पंचायत पाली मे आयोजित किया गया हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को उत्तरदायित्व सौंपा है। उन्होने कहा है कि अधिकारी सौपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

## रक्तदाता हिमांशु तिवारी ने 22वीं बार रक्तदान कर दिया सामाजिक सद्भाव का संदेश



**विजय मत, उमरिया।**

रक्त दान महादान ये सलोगन तो आपने भी कई बार सुना होगा। पर क्या आप जानते हैं कि आज भी देश में कई लोग रक्तदान की बात सुनते ही सहम तक जाते हैं। जिले के रहने वाले हिमांशु तिवारी 25 की उम्र में 22 बार रक्तदान कर चुके है। हिमांशु तिवारी ने बताया कि जरूरतमंदों के लिए रक्तदान की शुरुआत 08 साल पहले हुई थी. इन 08 साल में वो अब तक 22 बार रक्तदान कर चुके हैं. इसका सिलसिला अब भी जारी है।

उन्होंने अब तक 22 बार ब्लड डोनेट करने के प?ाव को पार कर रक्तवीर बनने का गौरव हासिल किया है।पहली बार उन्होंने 18 साल की उम्र में रक्तदान किया था। उन्होंन बताया कि अब वह युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। जिसका नतीजा रहा कि 25 युवा उनके साथ रक्तदान के लिए तैयार हैं। जो जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से भी रक्तदान की अपील की है ताकि रक्त की कमी से किसी की जान न जाए। लोग सुरक्षित रहें।वहीं जो लोग रक्त दान करते हैं उनमें से कई लोगों का इसी रक्त दान के चलते बिना आपसी जान पहचान के खून का रिश्ता तक बन चुका है।जानकारों की मानें तो जागरुकता की कमी के चलते ब्लड डोनेशन नहीं किए जाने की स्थिति में जरूरतमंदों को समय पर ब्लड नहीं मिल पाता जिसके कारण आज भी लोग मौत का शिकार हो रहे हैं।ब्लड डोनेशन को लेकर हमारे समाज में इतनी भ्रांतियां हैं कि लोग अपने परिवार के सदस्यों को भी रक्तदान करने से डरते हैं।अंधविश्वास के कारण ब्लड बैंक में भी अक्सर कैंसर, थैलेसीमिया और एक्सीडेंट के मरीजों को ब्लड के लिए परेशान होना पड़ता है। इस बीच युवा हिमांशु तिवारी ऐसे भी हैं जो न सिर्फ ब्लड डोनेशन कर रहे हैं बल्कि अन्य को प्रेरित भी कर रहे हैं।कोई हर तीन माह में ब्लड डोनेशन करता है तो कोई अपनी पॉकेटमनी से मरीजों की मदद करता है तो कोई बिजनेस या जॉब से छुट्टी लेकर ब्लड देने पहुंच जाता है।उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों में अभी भी कई भ्रांतियां है। इसके कारण वह रक्तदान करने के लिए आगे नहीं आते हैं। रक्तदान शिविर में कई लोग ऐसे थे जो कई बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खून से किसी की जान बच सकती है तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता है। आमजन से साल में दो-तीन बार रक्तदान करने का आह्वान किया। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया है जिले में या जिले के बाहर किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है तो तत्काल प्रभाव से व्यवस्था करके उन व्यक्तियों को रक्त की व्यवस्था कराई जाती है।रक्तदान से बड़ा दान कुछ भी नहीं है। लोगों द्वारा दिया गया रक्त किसी की जिंदगी बचा सकती है। इसलिए सभी को मिलकर रक्तदान करना चाहिए।रक्तदान महादान है। इसकी महत्ता को समझें और बेझिझक रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि विकसित देशों में अधिकांश रक्तदाता स्वयं सेवक होते हैं, जो सामुदायिक आपूर्ति के लिए रक्तदान करते हैं।

संस्थापक
स्व. श्री रामसिपाही शुक्ल

# स्वास्थ्य रक्षा सरकार के साथ आमजन का भी दायित्व

**सुरेश सिंह बैस**

भारत में आबादी के मुकाबले स्वास्थ्य सेवाओ की बहुत कमी है, स्वास्थ्य सेवांओ से यह तात्पर्य नहीं है कि केवल डाक्टरों की सुविधा ही, बल्कि डाक्टरों के आने वाली उन कई सहायक सेवाओं से है, जिसकी मदद से डाक्टर इलाज कर पाते हैं। वहीँ चिकित्सा क्षेत्र में विकसित एवं विकासशील देश अरबों रुपए शोध कार्य पर खर्च कर रहे हैं। पर दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि जिन बीमारियों के लिए नयी-नयी दवाईयां खोजी जा रही हैं वे अमीरों की बीमारियां हैं, दिल संबंधी बीमारी, उच्च रक्त चाप, कैंसर, लिवर, किडनी प्रत्यारोपण और, सबसे बड़ी अमीरों की बीमारी है एड्स,। हर साल भारत सहित एशियाई देशों और अफ्रीका में लाखो व्यक्ति मलेरिया, कुपोषण, डायरिया, हैजा, डिहाईड्रेशन और टीकों एवं दवा के अभाव में दम तोड़ देते हैं, और इधर चिकित्सा विज्ञान प्लास्टिक सर्जरी के शोध करने में जुटा हुआ है। यहां यह भी गौर करने की बात है कि जिस तरह से कोरोना नामक महामारी 2019 में आई और लगभग 2024 में चली भी गई। इस? अनपेक्षित महामारी ने करोड़ों की संख्या में लोगों की जान ली थी। जैसे अविभाजित मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़े राज्यों में है। 1991 की जनगणना के अनुसार यहां की कुल लगभग जनसंख्या 66135862 व्यक्ति मानी जाती है। लेकिन राज्य स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाओं की दृष्टि से अभी भी देश के अनेक राज्यों से काफी पिछड़ा है।




स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से मध्यप्रदेश राज्य के पीछे रह जाने के कारणों में यहां साक्षरता ,शिक्षा की कमी, आर्थिक पिछड़ापन, परिवहन के साधनों की न्यूनता और जनसंख्या में जनजाति संख्या का बाहुल्य है। 1981 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में साक्षरता का प्रतिशत 27.87 था, जो देश के साक्षरता प्रतिशत से काफी कम है। गैर शिक्षित लोग अंधविश्वासी और जादू टोनों से बड़ी बड़ी बीमारियों का उपचार करते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में धन नहीं जुट सका है। परिवहन की अपर्याप्त सुविधा के कारण मध्यप्रदेश में पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय और औषधालय नहीं खुल सके हैं। राज्य की जनसंसवा में लगभग 22.97 प्रतिशत भाग अनुसूचित जन जातियों का है जो दुर्गम घने वनों और पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करती है। इन क्षेत्रों में सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जनजाति के लोग सभ्य लोगों से मिलना जुलना पसंद नहीं करते हैं। वे अपना इलाज झाड़फूंक और जादू टोनों से करते है। अतः ऐसी स्थिति में यहां स्वास्थ्य सेवाओं का विकास अवरुद्ध रहा, फलतः मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों की तुलना में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं में काफी पीछे रह गया।

क्या आपको पता है कि सारी दुनिया में रोज पचास हजार से ज्यादा बच्चे मौत के मुंह में जा रहे हैं। वजह अतिसार, निमोनिया, पानी की कमी, कुपोषण जैसी साधारण बीमारियां हैं। सारी दुनिया में हथियारों और फौज के खरचो के हिसाब को देखे तो पता चलेगा कि कई सौ करोड़ डालर रोज खर्च किए जा रहे हैं। हर दिन खर्च होने वाले ये करोड़ों डालर सिर्फ इसलिए कि हमारी दुनिया सुरक्षित रह सके। इसके दूसरी तरफ जिन लोगों के लिए इस दुनिया को बचाया जा रहा है, उनकी बेसमय मौत रोकने के लिए होने वाले खर्च फौजी खर्च के पासंग भी नहीं है। भारत जैसे तीसरी दुनिया के देश में हर वर्ष करीब बीस लाख शिशु अपना पहला जन्मदिन देखे बगैर मौत का ग्रास बन जाते हैं। क्या कारण है कि हमारे पास काफी हंद तक असमय मौत रोकने के चिकित्सकीय सुविधाओं के होने के बावजूद भी हम इन्हें रोकने में नाकामयाब हो रहे हैं। कारण है सामाजिक जागरुकता का अभाव। दरअसल समस्या ,कही यह है कि स्वास्थ्य को बीमारी से जोड़कर देखा जाता है तो कहीं बीमारी की गैर मौजूदगी स्वास्थ्य का लक्षण समझा जाता है, जबकि ऐसा नहीं है।

एक स्वस्थ्य व्यक्ति का अर्थ मानसिक, शरीरिक, नैतिक रूप से उसका अपने वातावरण से सही संबंध होना है। स्वास्थ्य की इस पूरी परिभाषा की अनुपस्थिति बहुत सी समस्याओं को जन्म देती है। भारतीय संदभों में अपने भविष्य की सुरक्षा की जब हम बात करते हैं तो हमे स्वास्थ्य की इस परिभाषा और उसके सामजिक संदभों को केंद्र में रखना होगा। अपने मौजूदा हालात में तथ्यों को सिलसिलेवार देखें तो वे कुछ इस तरह से होंगे। भारत में रोज होने वाली मौतों का कारण है प्रमुख कुछ बीमारियां 1 गलघोंटू 2 काली खांसी 3 टेटनस 4 तपेदिक (टीबी) 5 पोलियो 6 खसरा (मीजल्स)। इन सभी रोगों से बचपन में टीकाकरण द्वारा बचाव हो सकता है। इन तथ्यों की रौशनी में एक बार फिर यदि बच्चों के भविष्य को देख तो तस्वीर उतनी स्याह नही रहती। यदि देश के बच्चों को टीके की सुविधा सामान्य रुप से मिलने लगे तो इससे बच्ची की मृत्युदर में कमी होगी। मृत्यु दर में कमी का अर्थ है कि माता पिता में बच्चों के भविष्य के प्रति विश्वास जागेगा और जन्मदर घटेगी, जन्मदर घटने के साथ वे बहुत सी बुनियादी सुविधाएं लोगों को मुहैया होने लगेगी जो अब तक उपलब्ध नहीं हैं।

यह बातें जितनी संभव लगते हैं उतनी है नहीं एक वैज्ञानिक सत्य है की तरक्की का एक सीधा असर यह होता है की जनसंख्या पर अपने आप नियंत्रण हो जाता है। इसे वैज्ञानिक डेमोग्राफिक ट्रांजिशन कहते हैं। यदि टीकाकरण और सामान्य स्वस्थ लोगों तक पहुंचाने की कोशिश में यदि इस डेमोग्राफिक ट्रांजिशन की स्थिति में पहुंचते हैं तो एक बड़ा कदम होगा। सर्दी के अंत तक सबके लिए स्वास्थ्य की मुहीम हमारे देश में चलाई जा रही है। इसका पहला? मोर्चा टीकाकरण टीकाकरण ही है। इस मोर्चे पर पिछले दिनों काफी कार्य हुआ है। विभिन्न इलाकों में सत्तर से नब्बे प्रतिशत के बीच टीकाकरण होने लगा है। राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान जो 1978 में प्रारंभ किया गया था आज तक की स्थिति तक आते-आते खासा काम कर चुका है। टीकाकरण और इस तरह के दूसरे अभियानों में जो दिक्कतें आती है वह सामाजिक अधिक होती हैं। हमारे देश में स्वास्थ्य और बीमारी जैसी बातें व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्याएं समझी जाती है। सारी वैज्ञानिक समझ के बाद यदि लोगों का सोचने का रवैया नहीं बदलता तो सफलता संदिग्ध हो जाती है। जरूरत इस बात की है कि टीकाकरण जैसी बातों के हर पहलू पर गांव देहात तक के स्तर पर चर्चा हो।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

> “ स्वास्थ्य की महत्ता वर्षों पूर्व नेपोलियन बोनापार्ट ने समझकर ही यह कहा था कि अगर मुझे स्वस्थ्य माएं मिले तो मैं एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकता हूं। नेपोलियन की यह उक्ति आज भी प्रासंगिक है। किसी भी राष्ट्र के सुदृढ़ निर्माण में स्वस्थ्य मांएं और सुसंस्कृत महिलाओ की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे ही तो आने वाली स्वस्थ्य पीढ़ी की जन्मदात्री हैं। संभवतः इसी सत्य को स्वीकार करते हुए भारत सहित प्रदेशों की सरकारों ने अपने वृहद स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित किया है जिसके केंद्र में महिलाओं एवं बच्चों को रखा गया है, प्रदेशों की स्वास्थ्य क्षेत्र में देखा जाए तो पिछले वर्षों में कोई उल्लखनीय प्रगति नही हो पाई है। ”

## मेरा स्वास्थ्य-मेरा अधिकार थीम के साथ इस साल मनाया जा रहा विश्व स्वास्थ्य दिवस

शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ ही मानसिक रूप से भी पूर्ण स्वस्थ होना हम सभी के लिए बहुत जरूरी है। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि सही पोषण के साथ ही ध्यान, योग और प्राणायाम को भी जीवन में जरूर शामिल किया जाए। राष्ट्र की उन्नति के लिए हर किसी का पूर्ण रूप से स्वस्थ एवं खुशहाल होना बहुत जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ नागरिकों से ही समृद्ध राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। यही कारण है कि स्वस्थ स्वास्थ्य व्यवहार अपनाने के प्रति जागरूकता के लिए ही हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थापना दिवस यानि सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसका मूल मकसद लोगों को स्वस्थ जीवनयापन के लिए जरूरी परामर्श प्रदान करने के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। हर साल अलग-अलग थीम पर मनाये जाने वाले विश्व स्वास्थ्य दिवस की इस बार की थीम है- ÷मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार। इसके माध्यम से इस वर्ष यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि हर किसी को, हर जगह, स्वस्थ जीवन जीने का अवसर अवश्य मिले। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ ही मानसिक रूप से भी पूर्ण स्वस्थ होना हम सभी के लिए बहुत जरूरी है। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि सही पोषण के साथ ही ध्यान, योग और प्राणायाम को भी जीवन में जरूर शामिल किया जाए। आज शारीरिक श्रम से नाता तोड़ने का ही परिणाम है कि तरह-तरह की बीमारियाँ मानव शरीर पर कब्ज़ा जमाती जा रहीं हैं। चिकित्सकों की भी यही सलाह रहती है कि गैर संचारी रोगों से बचना है तो रोजाना कम से कम 45 मिनट तक कड़ी मेहनत व शारीरिक श्रम जरूर करें। इससे तेजी से पैर पसार रहे हृदय रोग और डायबिटीज से सुरक्षित रह सकते हैं। इसके अलावा बीड़ी-सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पादों और शराब से दूरी बनाने में ही सभी की भलाई है क्योंकि कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियां इन्हीं से पैदा होती हैं। गैर संचारी रोगों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ही घर के करीब में आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) स्थापित किये गए हैं। इन केन्द्रों पर इन बीमारियों की स्क्रीनिंग, जांच और परामर्श के लिए कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) की तैनाती की गयी है। इसलिए जब भी कुछ असहज महसूस करें तो अप्रशिक्षित चिकित्सकों के पास जाने के बजाय बेहिचक सीएचओ की मदद लें, जो सही मायने में आपके सच्चे मददगार साबित होंगे।

# भारतीय अर्थव्यवस्था लम्बी छलांग लगाने को तैयार

**प्रहलाद सबनानी**

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही (अक्टोबर-दिसम्बर 2023) में भारत में आर्थिक विकास की दर 8.4 प्रतिशत रही है। कुछ विदेशी अर्थशास्त्री भारत की आर्थिक विकास दर को कमतर आंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि यह लगातार तिमाही दर तिमाही आगे बढ़ती ही जा रही है। अब तो विश्व की कई आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में ÷स्व÷ का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। उदाहरण के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। परंतु, यह तथ्य विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों को दिखाई नहीं दे रहा है, जो कि केवल भारत की ही विशेषता है।

उक्त तथ्यों के अतिरिक्त अन्य कई कारक भी भारत की आर्थिक विकास दर को अब 9 से 10 प्रतिशत की सीमा में ले जाने को तैयार दिखाई दे रहे हैं। आज भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत से आगे चल रही विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर में ठहराव आ गया है। जैसे अमेरिका एवं यूरोप की अर्थव्यवस्थाएं आगे आने वाले समय में प्रतिवर्ष केवल 2 अथवा 3 प्रतिशत की दर से ही आगे बढ़ पाएंगी। इसी प्रकार चीन की अर्थव्यवस्था भी अब ढलान पर दिखाई दे रही है। जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में तो आर्थिक मंदी देखी जा रही है। इस प्रकार विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत के अमृत काल में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही तेज गति आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। वैसे भी भारत में अमृत काल तो अभी शुरू ही हुआ है एवं यह अगले 23 वर्षों अर्थात वर्ष 2047 तक यह खंडकाल जारी रहेगा। कुछ अर्थशास्त्री तो भारत के अमृत काल के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था के इसी तरह तेज गति से आगे बढ़ते रहने की संभावनाएं व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भारत में वर्ष 1991-92 में प्रारम्भ किए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र के सुधार कार्यक्रम को अब 32 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, हालांकि वर्ष 1991-92 के बाद भी भारत में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्रों में सुधार कार्यक्रम लगातार जारी रहे हैं। अत~ स्थिर हो चुके इन सुधार कार्यक्रमों के फल खाने का समय अब आ गया है।

भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, पिछले 77 वर्षों के दौरान भारत में लोकतंत्र लगातार मजबूत हुआ है एवं आज पूरे विश्व में भारत इस दृष्टि से प्रथम पायदान पर खड़ा है। भारत में लोकतंत्र के लगातार मजबूत होते जाने से विदेशी निवेशकों का भारत में विश्वास बढ़ा है जिसके चलते भारत में उद्योग जगत को पूंजी की कमी नहीं के बराबर रही है। पर्याप्त पूंजी की उपलब्धता के चलते भारत में आर्थिक विकास को गति ही मिली है। भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर के कारण भारत में बिलिनियर (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति वाले नागरिक) की संख्या में सुधार हुआ है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# क्यों बार-बार अदालतों से फटकार खाती है ममता सरकार

**योगेंद्र योगी**

संदेशखाली मामले को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। देश में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहां बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पडा है। अराजकता की ऐसी हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी। इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढ़ियां चढ़ी अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा।


संदेशखाली मामले को लेकर आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है और पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी-एसटीनेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो ये 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीडऩ की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे। राज्य की ओर से वकालत करते हुए महाधिवक्ता (एजी) ने कहा कि हमें देखना होगा कि संदेशखाली में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। सभी पक्षों की बातें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने शाहजहां के वकील से सख्त लहजे में कहा कि आप एक आरोपित की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। सबसे पहले अपने आस-पास की परछाइयों से छुटकारा पाएं। इसके बाद दूसरे लोगों की शिकायतों के बारे में बात करें। अगर हलफनामे में एक भी आरोप सच है तो वह भी शर्मनाक है। सरकार कहती है कि यहां महिलाएं सुरक्षित हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## दैनिक पंचांग

**07 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.10 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृष | 07.50 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.48 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 12.02 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 14.18 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.30 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.41 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.55 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.11 बजे से |
| **राहुकाल** | | मकर | 01.16 बजे से |
| 4.30 से 6.00 बजे तक | | कुंभ | 03.03 बजे से |
| | | मीन | 04.36 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 98 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 06.54 बजे तदनन्तर चतुर्दशी 03.22 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 12.58 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 22.17 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 06.54 बजे, विष्टि 17.08 बजे तदनन्तर शकुनि 03.22 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 56'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871942
**जूलियन दिन** 2460407.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** रमजान **तारीख** 27
**विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए। नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन्! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं।

सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

## शब्द पहेली - 7969

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | 4 | | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | 6 | | | ■ | 7 | |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ |
| | ■ | 10 | | 11 | | ■ | | ■ |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | | 15 |
| ■ | | ■ | 16 | | 17 | | ■ | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | ■ | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | |

**बाएँ से दाएँ**
1. तन,शरीर-3
3. चकोर,चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा,द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव,स्वर विस्तार-2
9. असली,शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण,जीवन तत्व-2
22. कुशल,होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी,साजन- 3

**ऊपर से नीचे**
2. अवलोकन,दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला,रस से भरपूर-4
8. बल,जोर,दम-3
10. चाचा,अंकल-2
11. शौहर,पति-3
13. 'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14. वहम,संदेह-3
15. राजा,सम्राट-3
16. उपद्रवी,आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2
23. रांझे की प्रेमिका-2

**शब्द पहेली -7968 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | जा | न | | स | ली | का | |
| दा | दा | | सी | | ह | | या | द |
| मि | | | ब | र | सा | त | | म |
| नी | र | व | | थ | | र | ह | न |
| | | ज | रा | | सा | की | | |
| सु | ल | ह | | दां | | ब | हा | व |
| दा | | | सा | व | न | | | ज |
| मा | ता | | ह | | य | | का | न |
| | त | म | स | | न | क | ल | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6754

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6753 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## न्यूज इन शॉर्ट



### स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अनूपपुर। शासकीय महाविद्यालय जैतहरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम लहरपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य के अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर सभी मतदाताओं को 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र के दौरान इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारी प्रो.गजेंद्र सिंह ने स्वयंसेवको को मतदान के महत्व के बारे में समझाया उन्होंने हमें अपने विवेक, सजगता के साथ अपने मतदान का इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि देश के निर्माण में हमारा मत महत्वपूर्ण है जो हमारी सहभागिता को सुनिश्चित करता है। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी रासेयो स्वयंसेवक अपने घर के सदस्यों व अपने क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.राजकुमार सिंह ,प्रो.संगीता उइके एवं सभी राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को कराना होगा पूर्व प्रमाणित

अनूपपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मध्यप्रदेश में होने वाले चार चरणों में मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं। मध्यप्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के लिए पहले चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिन्ट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर (अर्थात् 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को) प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए समय सीमा तय कर दी गई है। प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा।

### एक्सीडेंट करने पर मामला कायम

उमरिया। इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम भरेवा में आरोपी के द्वारा वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया गया। जानकारी अनुसार पुलिस ने इस मामलें में फरियादी दलबीर लोनी पिता लालमन प्रसाद लोनी की षिकायत पर आरोपी मोटर सायकल के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### मारपीट करने पर मामला कायम

उमरिया। मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम डोडका अमहा टोला में आरोपी के द्वारा फरियादी से गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार अंकिता सिह पति अनुपम सिंह उम्र 32 साल निवासी ग्राम डोंडका की षिकायत पर आरोपी अनुपम सिंह पिता विष्णु सिंह उम्र 40 साल पर 294,323,506, भदावि के तहत मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### अवैध मदिरा जप्त

उमरिया। नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम बेहर्दे में आरोपिया पर कार्यवाही करते हुए उसके कब्जे से कच्ची महुआ शराब जप्त की है। पुलिस ने इस मामलें मे आरोपिया टोणी बाई पति जयपाल कोल उम्र 60 साल निवासी बेहर्दे के कब्जे से सात लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की है। जिसकी कीमत 700 रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# अंतर्राज्यीय संयुक्त जांच नाकों का कमिश्नर, एडीजीपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**जांच दल के दस्तावेजों का परीक्षण कर दिए जांच संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश, मतदाता जागरूकता के तहत 100 प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ**




**विजय मत, अनूपपुर।**

शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर ने कोतमा अनुभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से लगे अंतर्राज्यीय संयुक्त चेकपोस्ट डोला-घुटरीटोला तथा बरतराई-बरौर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, शहडोल संभाग के संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की मौजूद रहे। अंतर्राज्यीय सीमा के संयुक्त चेकपोस्ट डोला-घुटरीटोला में शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर ने मतदाता जागरूकता रैली में सहभागिता की तथा मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन के तहत 19 अप्रैल को शहडोल संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान में 100 प्रतिशत भागीदारी निभाने की अपील करते हुए मतदाता शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता रैली में शहडोल जोन के एडीजीपी डी.सी. सागर द्वारा स्वरचित मतदाता जागरूकता स्लोगन ''लोकतंत्र की आवाज हूं मैं, मतदान के लिए तैयार हूं मैं'', ''हमारा लोकतंत्र महान, आओ करें मतदान'', ''लोकतंत्र का हूं मैं नायक, मेरा वोट बने निर्णायक'' के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया गया। भ्रमण के दौरान शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ राज्य के संयुक्त चेकपोस्टों पर तैनात स्थैतिक निगरानी दल से जांच कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली तथा दस्तावेजों का परीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट में जांच की कार्यवाही के संबंध में टीम के सदस्यों को जांच संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करें




**विजय मत, उमरिया।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12 अजजा शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक संपन्न होना है। जिले में मतदान का रिकार्ड स्थापित करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए। इस कार्य में बीएलओं , पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता की विशेष भूमिका रहेगी। मानपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में चुनौती 40 के तहत चयनित मतदान केन्द्रो के बीएलओं, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता की बैठक संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि विगत विधानसभा निर्वाचन में जिले का एक मतदान केन्द्र 100 प्रतिशत मतदान कर पूरे देश में ख्याति अर्जित की है। लोक सभा निर्वाचन में 40 मतदान केन्द्रों को शत प्रतिशत मतदान के लिए चयनित किया गया है। इन मतदान केन्द्रो को चुनौती 40 नाम दिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बीएलओं, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता अपने मतदान केन्द्र के एक एक मतदाता का हिसाब रखें, उनसे नियमित संपर्क करें , जो मतदाता बाहर है उनसे दूरभाष या मोबाइल से संपर्क करके मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने बैठक में भडारी, सेमरी, कुसमहा, धूपखडा, नव आदर्श ग्राम छाप, गजरहा, बगडो, हरधौरा, पिहरीटोला, बडवाही, गोरैया, मलियागुडा तथा कुनकुनी के मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले शासकीय सेवकों से रूबरू चर्चा की तथा शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए पूरे प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, एसडीएम कमलेश नीरज, सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्र त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर अंबिकेश प्रताप सिंह, हरनीत कौर, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला, आशीष श्रीवास्तव, संजय पाण्डेय, सुशील मिश्रा उपस्थित रहे।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि मतदान दिवस मे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान हेतु मतदाता की पहचान हेतु जारी किए जाने वाले डाक्यूमेंट के अनुसार हर मतदाता के डाक्यूमेंट की प्रति बीएलओ के पास होनी चाहिए इस कार्य मे पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक बीएलओ की मदद करेगे। जिससे मतदान केन्द्र में आने वाला कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नही रहे।

### पुलिस कर्मचारियो को किया गया प्रशिक्षित

उमरिया - अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) स्टेट नोडल अधिकारी चुनाव ,पुलिस मुख्यालय भोपाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन वर्ष 2024 की अधिसूचना जारी होने के उपरांत आवश्यक तैयारी को दृष्टिगत रखते हुए समस्त पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया के समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों का चुनाव प्रशिक्षण आयोजित कराया गया जिसमें संस्था प्रमुख प्रतिमा पटेल पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया,रक्षित निरीक्षक लवली सोनी एवं व्याख्याता जितेंद्र अग्निहोत्री एडीपीओ पीटीएस उमरिया, राजवीर गुर्जर एडीपीओ पीटीएस उमरिया,व्याख्याता प्रदीप सिंह गहलोत (मास्टर ट्रेनर्स चुनाव) द्वारा चुनाव संबंधी विषयों पर संस्था के समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

साथ ही शहडोल जोन एवं बालाघाट जोन के 6 जिलों के चुनाव प्रशिक्षण में शेष अधिकारी कर्मचारियों को भी ऑनलाइन चुनाव प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

### मवेशी चराने गये वृध्द पर बाघ ने किया हमला



उमरिया। वन परिक्षेत्र धमोखर बफर के बीट बदरेहल के कक्ष क्रमांक आर एफ 102 के खडेहा रपटा हार मे मवेशी चराने गये ग्राम बडवाही निवासी सुदधू सिंह पिता सुखलाल सिंह उम्र 62 साल पर बाघ ने हमला करके घायल कर दिया। घायल को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय उमरिया लाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घटना 6 अप्रैल की दोपहर 12.30 बजे की बताई जा रही है।




### एसएसटी नाका घोघरी से बुलेरो वाहन से 109940 रूपये जप्त

उमरिया। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। लोकसभा निर्वाचन के लिए उमरिया जिले एसएसटी टीम का गठन किया गया है, जिनके द्वारा वाहनों की सघन चेंकिंग की जा रही है। एसएसटी टीम घोघरी द्वारा भगवान दास वासवानी की बुलेरो क्रमांक एमपी 18 जी ए 4740 की जांच की गई। जांच के दौरान 109940 रूपये जप्त किये गये।




### बंदियों के मानसिक सुधार के लिए हार्ट फुलनेस संस्था उमरिया द्वारा ध्यान कार्यकम संपन्न

उमरिया। जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि बंदियों के मानसिक सुधार के लिये हार्ट फुलनेस संस्था उमरिया के डच्15 जोन के जोनल समन्वयक माई देवेन्द्र प्रजापति के मार्गदर्शन में प्रणाली, विनायक पिसे द्वारा बंदियों को सामुहिक ध्यान कराया गया। इस अभ्यास से बंदियों को मानसिक शांति मिली। बंदियों को नियमित अभ्यास करने की प्रेरणा दी गई।इस अवसर पर बंदियों ने सुन्दर भजन गीत संगीतमय प्रस्तुत किये। जेल अधीक्षक डी.के. सारस एवं उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को द्वारा बंदियों को जेल में अनुशासन में रहकर जेल में संचालित प्रशिक्षण कार्यकम एवं ध्यान ध् योगाध्पी.टी. करने के लिये प्रेरित किया। जेल में ड्यूटीरत मुख्य प्रहरी एवं प्रहरी ने बंदियों को अनुशासन में रखकर कार्यकम मे सम्मिलित कराया।

### व्यय प्रेक्षक एवं सामान्य प्रेक्षक ने एसएसटी नाका खितौली एवं महानदी का किया निरीक्षण

उमरिया - लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टि गत रखते हुए जिले में बनाये गए एस एस टी नाको का व्यय प्रेक्षक रामकृष्ण केडिया एवं सामान्य प्रेक्षक पी शंतनु गोतमारे ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने एसएसटी नाका खितौली एवं महानदी का निरीक्षण किया।

### वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं से घर घर जाकर कराया गया मतदान

उमरिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उमरिया जिले में 85 वर्ष से ऊपर एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओ का मतदान मतदान दलों के द्वारा घर घर जाकर संपन्न कराया गया। मतदान के लिए मतदान दलो की नियुक्ति की गई थी, जिनके द्वारा घर घर जाकर मतदान संपन्न कराया गया। ए आर ओ बांधवगढरीता डेहरिया के निर्देशन मे नोडल अधिकारी कर्तव्य अग्रवाल के नेतृत्व में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 12 शहडोल के अन्तर्गत विधानसभा बांधवगढ़ मे वरिष्ठ नागरिकों (85प्लस), एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर घर जाकर मतदान कराया गया। इस दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 125 उमरिया में झिनगया बाई उम्र 85 वर्ष , भूरा यादव ग्राम ददरी टोला महरोई मतदान केन्द्र क्रमांक 148, दादूलाल ग्राम ददरीटोला मतदान केन्द्र क्रमांक 148 महरोई, दिव्यांग मतदाता नंदनी दुबे मतदान केन्द्र क्रमांक 132 द्वारा घर से मतदान किया गया।

## शासकीय अनुसूचित जन जाति क्रीडा परिसर भरौला हेतु आवेदन 20 अप्रैल तक आमंत्रित

**विजय मत, उमरिया।**

सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पाण्डेय ने बताया किशासकीय अनुसूचित जन जाति क्रीडा परिसर भरौला मे रिक्त सीट 100 हेतु अनुसूचित जन जाति के छात्रो के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इच्छुक जन जाति के छात्र निर्धारित आवेदन फार्म अधीक्षक, कोच शासकीय अनुसूचित जन जाति क्रीडा परिसर भरौला हेतु आवेदन 20 अप्रैल तक भरौला उमरिया में जमा किया जा सकता है। प्रवेश हेतु पात्रता परीक्षा 18 एवं 19 जून की शारीरिक परीक्षण एवं बैटरी टेस्ट प्रातः 8 बजे से होगा। उन्होने कहा कि छात्र अनुसूचित जन जाति वर्ग का होना चाहिए जिसका जाति प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है। मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष , जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष के तथा 16 से 18 वर्ष के विद्यार्थियो को सीनियर सूमह रखकर चयन किया जाएगा। यदि छात्र के पास खेलकूद प्रमाण पत्र राज्य स्तर व राष्टीय स्तर के हो तो संलग्न करें। खेलकूद विधा कराटे एवं बाक्सिंग मे रूचि रखने वाले छात्रों का प्राथमिकता दी जावेगी। छात्रो को संस्था मे होने वाले शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं टैलेंट सर्च परीक्षा मे उत्तीर्ण होना आवश्यक है। छात्र को आवेदन पत्र के साथ उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची और स्थानीय मूल निवास, चिकित्सा प्रमाण पत्र, खेलकूद संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। मप्र के किसी भी जिले का छात्र प्रवेश के लिए पात्र होगा। शासन की ओर से छात्रो को निशुल्क छात्रावास सुविधा, शिष्यवृत्ति, खेल कूद संबंधी उपकरण, खेल कूद सामग्री, खेल कूद संबंधी साहित्य, खेलकूद किट इत्यादि प्रदाया किया जाएगा। संपर्क हेतु कार्यालयीन समय में अरविंद शर्मा कोच मोबाइल नंबर 7879805828 एवं अधीक्षक गुलाब सिंह मोबाइल नंबर 9407353580 से संपर्क किया जा सकता है। अधीक्षक गुलाब सिंह से कहा गया है कि अधीक्षक आस पास के स्कूलों से संपर्क कर बच्चों का प्रवेश करायेगे।

### पुलिस आवास व्यवस्था हेतु भवनो को किया गया अधिग्रहित

उमरिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक सभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन हेतु सुरक्षा व्यवस्था हेतु दीगर इकाई से आने वाले पुलिस बलो के आवास व्यवस्था हेतु भवनों को 21 अप्रैल तक के लिए अधिग्रहित किया गया है जिसमें पुराना आदिवासी बालक छात्रावास, बीएसएनएल आफिस के पास, उत्कृष्ट आदिवासी बालक छात्रावास लोहारगंज, क्रीडा परिसर भवन भरौला, पालीटेक्निक कालेज , सामुदायिक भवन, मंगल भवन, पुलिस प्रषिक्षण विद्यालय उमरिया, उमरिया छात्रावास, एनजीओ मेस, गेस्ट हाउस का संपूर्ण भाग, उत्कृष्ट विद्यालय बालिका छात्रावास कैंप, जिला षिक्षा अधिकारी प्रषिक्षण संस्थान छात्रावास शामिल है।संबंधित भवनो के कार्यालय, विभाग प्रमुखों को निर्देषित किया गया है कि उक्त भवनो मे पुलिस बलो के ठहरने हेतु भवनो की साफ सफाई , पेयजल सुविधा, विद्युत व्यवस्था , पंलग, कूलर, पंखे एवं अन्य आवष्यक व्यवस्था सुनिष्चित करें।

## कार्यक्रम

**मतदान कार्मिकों के ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट अभ्यास दक्षता का किया परीक्षण**

# टीम भावना से निर्वाचन दायित्व को करने के कमिश्नर ने दिए निर्देश

**विजय मत, अनूपपुर।**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 12 (अ.ज.जा.) शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा जिसके मद्देनजर मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर में 13 कक्षों मे संचालित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्य का एकलव्य विद्यालय अनूपपुर पहुंचकर शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर ने जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, शहडोल संभाग के संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा एसडीएम अनूपपुर दीपशिखा भगत, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा एसडीएम



कोतमा अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनूपपुर सुमित केरकेट्टा सहित मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

कमिश्नर बीएस जामोद ने प्रशिक्षण कार्य का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन दायित्व के संबंध में दिए जा रहे प्रशिक्षण में बताई जा रही बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उसे आत्मसात करने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में मतदान दलों की ब?ी जिम्मेदारी है। उन्हें अपने कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी होना नितांत आवश?यक है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली तथा ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट को हैण्डऑन करने के संबंध में मौके पर अभ्यास की दक्षता का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थी ईव्हीएम/व्हीव्हीपैट की प्रक्रिया की प्रैक्टिस करें तथा किसी भी तरह की शंका होने पर डाउट को क्लीयर करें। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा का समाधान होना आवश?यक है। मतदान दल टीम भावना के साथ अपने दायित्व का निर्वहन टीम के सदस्यों के समन्वय से पूर्ण करें। उन्होंने ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट के प्रक्रियाओं के संबंध में मतदान दल के प्रशिक्षणार्थियों से जानकारी ली। इस मौके पर शहडोल संभाग के एडीजीपी डी.सी. सागर ने मतदान दल के अधिकारियों को अपने उत्तरदायित्वों का दक्षतापूर्वक सफल निर्वहन सुनिश्चित करने की अपील की।

मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षणार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट के कनेक?शन, मॉकपोल आदि के संबंध में बिन्दुवार विस्तृत जानकारी दी।

### अपर कलेक्टर एवं उप निर्वाचन अधिकारी ने एमसीएमसी कक्ष का किया निरीक्षण

उमरिया - लोक सभा निर्वाचन 2024 के दौरान पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय के कक्ष क्रमांक 61 मे एमसीएमसी टीम का गठन किया गया है। एमसीएमसी कक्ष का अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम द्वारा औचक रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। उन्होने इस दौरान उनके द्वारा पेड न्यूज के संबंध में की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में पूछताछ की। उन्होने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान एमसीएमसी के प्रकरणो के निराकरण के संबंध में आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

# हर ख्वाहिश पर

हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पे दम निकले, बहुत निकले मेरे अरमां, लेकिन फिर भी कम निकले... आज युवाओं की कई ख्वाहिशें है। खासतौर पर युवा आजादी चाहता है। आज के दौर में युवाओं की सोच में क्रांति और आजादी की बाते उभरकर सामने आ रही है। आखिर देश का युवा किन बातों से आजादी चाहता है, यही जानने की कोशिश है यह आलेख।





माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला सात महीने में तीसरी बार भारत की विजिट पर आए हैं। वे सोमवार को दिल्ली में माइक्रोसॉफ्ट के इवेंट में ऐड्रेस करने पहुंचे। गालिब के शेर से शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जब आप दुनिया को देखने का नजरिया बदल लेते हैं, तो आप दुनिया को भी बदल पाते हैं। एक वाकये का जिक्र करते हुए सत्या ने गालिब का शेर पढ़ा- हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पर दम निकले, बहुत निकले मेरे अरमां मगर फिर भी कम निकले। उनके इस अंदाज पर काफी देर तक हाल तालियों से गूंजता रहा। उन्होंने गालिब का यह शेर जिस भी संदर्भ में सुनाया हो लेकिन यह शेर आज के दौर में देश के युवाओं के लिए कुछ खास है। भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा युवा आबादी बसती है। इस देश में करीब 30.56 करोड़ युवा बसते तो हैं लेकिन शायद बहुत कम युवाओं की ख्वाहिशें पूरी हो पाती हैं। यहां हम युवाओं की व्यक्तिगत ख्वाहिशों की बात नहीं कर रहे। यहां युवाओं की समग्र ख्वाहिशें हैं। आज देश का युवा आजादी चाहता है। यही उसकी ख्वाहिश है। आइए देखते हैं किन मुद्दों से भारतीय युवा को आजादी चाहिए...

## जबरन करियर से आजादी

देश के ज्यादातर युवा इस मुश्किल से जूझ रहे हैं। 18 साल की उम्र तक पहुंचते ही उन पर करियर को लेकर सवालों की झड़ी लगा दी जाती है और आखिर में उन पर जबरन कुछ भी थोप दिया जाता है। ज्यादातर मां-बाप बच्चे की ख्वाहिश पूछे बिना ही उसे इंजीनियर या डॉक्टर बनने के लिए मजबूर करते हैं।

## ऑनर किलिंग से आजादी

देश के कई हिस्सों में खाप जैसी पंचायतों के तुगलकी फरमान युवाओं की इच्छा के आड़े आते हैं। खास तौर पर हरियाणा में खाप का असर ज्यादा है। जहां जरा सी बात पर लोग आत्म सम्मान के नाम पर युवक-युवतियों को मार देते हैं। कई मामलों में लड़के लड़की दोनों की हत्या कर दी कई। समलैंगिकता, प्रेम विवाह, अपनी मर्जी से लड़का या लड़की चुनना ये सारी बातें खाप के नियमों के खिलाफ मानी जाती हैं, जिनसे मुक्ति जरूरी है। यही नहीं, पुलिस भी ऐसे कामों में तुगलकी फरमान सुनाती है।

## लिंग भेद से आजादी

लिंग भेद से आजादी ऐसी आजादी है जिसके लिए हर लड़की जन्म लेने के साथ ही लड़ना शुरू कर देती है। घर में ज्यादा तवज्जो न मिलने से लेकर अपनी मर्जी के कपड़े न पहन पाने तक, लड़कियों को कई सारी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। यहां तक कि शादी करने में भी उनकी पसंद का ख्याल नहीं रखा जाता।

## अपने नजरिये की आजादी

लोकतंत्र में रहने के चलते हर किसी को अपना नजरिया रखने की आजादी होनी चाहिए लेकिन भारत ऐसा देश है जहां अपनी बात रखना आपके लिए मुसीबत बन सकता है। सोशल मीडिया ने इस वॉर को और बढ़ाया है। भीड़ से अलग हटकर अगर आप अपना नजरिया पेश करते हैं तो किसी न किसी राजनीतिक पार्टी या उसके समर्थकों के शिकार बन जाते हैं।

## सुरक्षा की चिंता से आजादी

हर मां-बाप अपने बच्चे को सुरक्षित देखना चाहते हैं लेकिन वे इस बात को नजरअंदाज कर देते हैं कि घर की चारदीवारी में कैद करके बच्चों को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। खासकर लड़कियों के मामले में परिजन ज्यादा सख्त होते हैं। उनके घर से निकलने और घर लौटने के समय को लेकर वो ज्यादा चिंतित होते हैं क्योंकि उन्हें उत्पीड़न, अपहरण या हत्या जैसी वारदातों का डर सताता रहता है।

## इस्तेमाल होने से आजादी

हर युवा अपने उज्ज्वल जीवन की ख्वाहिश रखता है। युवा जब देखता है कि केवल योग्यता और ईमानदारी से कार्य संभव नहीं, तो कुंठाग्रस्त होकर गलत रास्तों पर चल पड़ता है। निश्चित तौर पर ऐसे में ही समाज के दुश्मन उनकी भावनाओं को भड़काकर व्यवस्था के विरूद्ध विद्रोह के लिए प्रेरित करते हैं, फलतः अपराध और आतंकवाद का जन्म होता है। युवाओं को मताधिकार तो दे दिया गया है पर उच्च पदों पर पहुंचने और निर्णय लेने के उनके स्वप्न को दमित करके उनका इस्तेमाल नेताओं द्वारा सिर्फ अपने स्वार्थ में किया जा रहा है।



## सब्ज-बाग से आजादी

आज का युवा संक्रमण काल से गुजर रहा है। वह अपने बलबूते आगे तो बढ़ना चाहता है, पर परिस्थितियां और समाज उसका साथ नहीं देते। चाहे वह राजनीति हो, फिल्म व मीडिया जगत हो, शिक्षा हो, उच्च नेतृत्व हो- हर किसी ने उसे सुखद जीवन के सब्ज-बाग दिखाए और फिर उसको भंवर में छोड़ दिया। ऐसे में पीढ़ियों के बीच जनरेशन गैप भी बढ़ा है। समाज की कथनी-करनी में भी जमीन आसमान का अंतर है। एक तरफ वह सभी को डिग्रीधारी देखना चाहता है, पर उन सभी हेतु रोजगार उपलब्ध नहीं करा पाता। नतीजन- निर्धनता, महंगाई, भ्रष्टाचार इन सभी की मार सबसे पहले युवाओं पर पड़ती है। इसी प्रकार व्यावहारिक जगत में आरक्षण, भ्रष्टाचार, स्वार्थ, भाई-भतीजावाद और कुर्सी की लालसा जैसी चीजों ने युवा हृदय को झकझोर दिया है।



## दोहरेपन से आजादी

इसमें कोई शक नहीं कि युवा वर्ग ही भावी राष्ट्र की आधारशिला रखता है, पर दुःख तब होता है जब समाज युवाओं में भटकाव हेतु युवाओं को ही दोषी ठहराता है। क्या समाज की युवाओं के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं? जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्ति जब सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों का सरेआम क्षरण करते नजर आते हैं, तो फिर युवाओं को ही दोष क्यों? एक व्यक्ति द्वारा अटपटे बयान देकर या किसी युवती द्वारा अर्धनग्न पोज देकर जो नाम हासिल किया जा सकता है, वह दूर किसी गांव में समाज सेवा कर रहे युवा को तभी मिलता है जब उसे किसी अंतराष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जाता है। आखिर ये दोहरापन क्यों?



## दोषारोपण से आजादी

युवा व्यवहार मूलतः एक शैक्षणिक, सामाजिक, संरचनात्मक और मूल्यपरक समस्या है जिसके लिए राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सभी कारक जिम्मेदार हैं। ऐसे में समाज के अन्य वर्गों को भी जिम्मेदारियों का अहसास होना चाहिए, सिफ4 युवाओं को दोष देने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि सवाल सिर्फ युवा शक्ति के भटकाव का नहीं है, वरन अपनी संस्कृति, सभ्यता, मूल्यों, कला एवम् ज्ञान की परंपराओं को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने का भी है। युवाओं को भी ध्यान देना होगा कि कहीं उनका उपयोग सिर्फ मोहरों के रूप में न किया जाय।

# जानें क्या है मयूरासन और इसके लाभ




मयूरासन यानी मयूर की तरह किया जाने वाला आसन। योगा में यह वह आसन है जिसमें आपका शरीर मयूर की तरह दिखाई पड़ता है। इस आसन को करने के लिए बहुत सावधानियां बरतने की आवश्यकता होती है। इस आसन में शरीर का पूरा भार हाथों पर टिका होता है और शरीर हवा में लहराता है। मयूरासन के भी कई लाभ हैं। लेकिन सवाल ये उठता है कि मयूरासन कैसे किया जाए। मयूरासन के लाभ क्या हैं। मयूरासन करने की विधि क्या है। मयूरासन कब करना चाहिए। इत्यादि सवालों के जवाब जानने के लिए यह जानना जरूरी है कि मयूर आसन क्या है।

## मयूरासन करने की विधि

मयूरासन खुली हवादार जगह में करना चाहिए। इसके लिए आप सबसे पहले घुटनों के बल बैठ जाएं और आगे की ओर झुके। आगे झुकते हुए दोनों हाथों की कोहनियों को मोड़कर नाभि पर लगाकर जमीन पर सटा लें। इसके बाद अपना संतुलन बनाते हुए घुटनों को धीरे-धीरे सीधा करने की कोशिश करें। अब आपका शरीर पूरी सीध में है और सिर्फ आपके हाथ जमीन से सटे हुए हैं। इस आसन को करने के लिए शरीर का संतुलन बनाए रखना जरूरी है जो कि पहली बार में संभव नहीं। यदि आप रोजाना मयूर आसन का अभ्यास करेंगे तो आप निश्चित तौर पर आसानी से इसे कर पाएंगे।

## मयूरासन के दौरान सावधानी

मयूरासन करते हुए बहुत सावधानी की जरूरत पड़ती है, इसीलिए आप जब भी मयूरासन करें तो किसी योग एक्सपर्ट की देखरेख में करें या फिर पहले इस आसन को करने की विधि को अच्छी तरह से जानें। तभी आप मयूर आसन को सही तरह से कर पाएंगे और इसका भरपूर लाभ उठा पाएंगे।



## मयूरासन के लाभ

मयूरासन के कई लाभ है। आमतौर पर मयूरासन से गुर्दे, अग्नाश्य और आमाशय के साथ ही यकृत इत्यादि को बहुत लाभ होता है।

चेहरे पर चमक लाने के लिए मयूरासन करना चाहिए। मयूरासन करने से हाथ, पैर व कंधे की मांसपेशियों में मजबूती आती है। जिन लोगों को बहुत अधिक कब्ज रहती है उनके लिए मयूरासन से बढ़िया कोई उपाय नहीं। मधुमेह के रोगियों के लिए भी यह आसन लाभकारी है।

यदि आपको आंखों संबंधी कोई समस्या है तो उसका निदान भी मयूरासन से किया जा सकता है।

पाचन क्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए मयूरासन करना चाहिए। यदि आपको पेट संबंधी समस्याएं जैसे गैस बनना, पेट में दर्द रहना, पेट साफ ना होना इत्यादि होता है तो आपको मयूरासन करना चाहिए।

सामान्य रोगों के अलावा मयूर आसन से आंतों व अन्य अंगों को मजबूती मिलती है। मयूरासन से आमाशय और मूत्राशय के दोषों से मुक्ति मिलती है।

### किसे नहीं करना चाहिए

आमतौर पर मयूरासन उन लोगों को करने के लिए मना किया जाता है जो उच्चे रक्तचाप की समस्या से पीड़ित हैं।

टी.बी यानी तपेदिक के मरीजों को भी मयूरासन नहीं करना चाहिए। हृदय रोग या हार्ट की बीमारियों से ग्रसित लोगों को भी मयूरासन नहीं करना चाहिए। अल्सर और हर्निया रोग से पीड़ित लोगों को भी मयूरासन करने से बचना चाहिए।

# आधा घंटा बंद रखें स्मार्टफोन...




आज के दौर में स्मार्ट फोन हमारी जरूरत बन गया है। सभी युवाओं के पास स्मार्टफोन मौजूद हैं। इसके कई फायदे भी हैं। स्मार्टफोन से न सिर्फ हमें जरूरी जानकारियां मिल जाती हैं, बल्कि यह मित्रों को भी हमारे साथ जोड़े रखने का काम करता है। स्मार्ट फोन की कई खूबियों के बारे में तो हम जानते भी नहीं हैं। वहीं इस स्मार्ट फोन के कुछ नुकसान भी हैं। स्मार्टफोन के जानकारों का कहना है कि अगर स्मार्ट फोन को दिन में आधे घंटे भी बंद रखा जाए तो इससे कई सारे फायदे मिल सकते हैं। आज हम आपको इन्हीं फायदों के बारे में बता रहे हैं।

## दिमाग को मिलेगा रेस्ट

दिमाग असल में कई कामों को करने में व्यस्त रहता है। इन कामों को करने में वह तेजी से थकता है। ऐसे में आप अपना स्मार्ट फोन करीब आधा घंटा बंद रख सकते हैं। इससे आपके दिमाग को भी रेस्ट मिलेगा और वह भी तेजी से काम कर सकेगा।

## ओवरहीटिंग से बचेगा

कई बार हमारा स्मार्ट फोन ओवरहीट हो जाता है। इसके हीट होने के वैसे तो और भी कई कारण हो सकते हैं। आपका फोन जब भी ओवरहीट हो जाए ऐसी स्थिति में आपको इसे कुछ देर के लिए बंद कर देना चाहिए। यही आपके पास पहला विकल्प है। इसके बाद इसकी समस्या को कहीं पर दिखा लीजिए।

## समाधान जल्दी

हर समय फोन से चिपके रहने से दिमाग कई तरह की समस्या का समाधान सही तरीके से नहीं कर पाता है। ऐसी स्थिति में फोन से थोड़े समय की दूरी बनाना आपके लिए हर समस्या का हल ढूंढ़ने के लिए बेहतर हो सकता है। ब्रेन को आराम मिलने से यह सही ढंग से काम करने के काबिल हो जाता है।

## काम में लगता है मन

एक रिसर्च में पाया गया है कि करीब 61 प्रतिशत लोग हर समय नोटिफिकेशन देखते रहते हैं। नोटिफिकेशन न आने की स्थिति में भी लोगों को लगता है कि कोई नोटिफिकेशन आया है। ऐसे में वह व्यक्ति अपने काम पर फोकस नहीं कर पाता। स्मार्ट फोन को बंद करने से काम पर फोकस हो पाता है और वह अच्छी तरह से किया जाता है।

## रीबूट करने का फायदा

स्मार्टफोन कई बार हैंग होने लगता है। कई सारी ऐप्स बैकग्राउंड पर चलने से और मैमोरी ज्यादा यूज होने के कारण फोन हैंग करने लगता है। ऐसी स्थिति में आप अपना फोन रीबूट कर सकते हैं। रीबूट करने से फोन दोबारा से सही चलने लगता है।



# दाढ़ी मूंछ के भी हैं ढेरों फायदे

आप विश्वास नहीं करेंगे लेकिन वैज्ञानिक तक मान चुके हैं कि दाढ़ी रखने से त्वचा का कैंसर नहीं होता। दरअसल सूर्य की अल्ट्रावाइलेट किरणें स्किन कैंसर का कारण बनती है। शोध के मुताबिक लोग दाढ़ी रखते हैं वे 90 फीसदी तक यूवी किरणों से अपने आपको बचाने में कामयाब रहते हैं। है ना स्किन कैंसर से बचने का बढ़िया उपाय। क्लीन शेव लोगों की तुलना में दाढ़ी मूंछ रखने वाले लोगों को अस्थमा और एलर्जी की शिकायत कम होती है। दरअसल प्रदूषित होते वातावरण में दाढ़ी मूंछ धूल और प्रदूषण को सीधे चेहरे और मुंह के संपर्क में नहीं आने देती। दाढ़ी और मूंछ के बाल छलनी की तरह काम करके प्रदुषित कणों को रोक लेते हैं। ये ठीक वही काम करती है जो आंखों के लिए पलक और नाक के बाल करते हैं। दाढ़ी मूंछ रखने वालों की स्किन आमतौर पर ड्राई नहीं मिलेगी। दरअसल दाढ़ी मूंछ होने से चेहरे पर रोजमर्रा की फेसक्रीम का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। दाढ़ी मूंछ चेहरे को जवान बनाए रखते हैं क्योंकि इससे त्वचा पर नमी बनी रहती है। दाढ़ी मूंछ रखने वाले लोग चेहरे से आमतौर पर जवान दिखते हैं क्योंकि उनकी दाढ़ी मूंछ उनके चेहरे पर पड़ने वाली झुर्रियों को छिपा लेती हैं। रोज रोज शेव करने से स्किन कटने फटने का डर रहता है और त्वचा पर संक्रमण का भी खतरा रहता है लेकिन दाढ़ी मूंछ रखने से ये झंझट और संक्रमण का खतरा भी नहीं रहता।



# ऑनलाइन रहना क्यों पसंद...?

इंटरनेट के माध्यम से अब दुनिया के किसी भी भाग से आसनी से संपर्क बनाया जा सकता है। लोग अब घर बैठे ही दुनियाभर में अपने दोस्त बनाने लगे हैं, और ऑनलाइन रहकर ही प्यार ,डेंटिंग, और शादी के लिए जोड़े भी खोजे जाने लगे हैं। ऑनलाइन दोस्ती के बहुत से नुकसान भी होते हैं, जैसे आप जिससे दोस्ती कर रहें हैं वह वास्तव में अपने बारे में सारी बातें सच बता रहा है, या आपको धोखा देने के मकसद से झूठी बातें बता रहा है। आप उसे सामने से नहीं देख सकते इसलिए आप उसकी वास्तविकता भी नही जान सकते हैं। ऑनलाइन चैटिंग से होने वाले इन नुकसानों के बावजूद क्यों हम इसका इस्तेमाल करना जारी रखते हैं?



## गुप्त नाम का फायदा

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सबसे बड़ा फायदा है नाम को गुप्त रखने की आजादी। आप किसी भी नाम और किसी भी फोटो के साथ अपनी एक प्रोफाइल बना सकते हैं, कम्प्यूटर यह नहीं समझ पायेगा कि, आप झूठ बोल रहे हैं। आप किसी से या हर किसी से बात कर सकते हैं, और आपके वास्तविक जीवन की बुराई या कमियां जैसे, आपकी क्या हैसियत है ,और आप की योग्यता आदि कुछ भी हो, कोई फर्क नही पड़ता।

## दुनियाभर में पहुंच

बहुत से देशों में जहां लड़के लड़कियां आपस में मिल कर बात नहीं कर सकते, उन स्थानों में लोग बातें करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर सकते हैं, इस तरह से किसी एक देश में बैठा युवा दूसरे देश में अपने लिए दोस्त या जीवनसाथी की तलाश करके बातें कर सकता है।

## सुविधाजनक

यूं तो यदि आपको किसी से मिलना है तो आपको अच्छे से तैयार होने की जरूरत होती है,और फिर किसी अच्छी जगह की तलाश करनी होती है आदि। लेकिन आपको ऑनलाइन चैटिंग के लिए सिर्फ एक इंटरनेट पैक और अच्छे ब्राउजर के अलावा ज्यादा कुछ नहीं चाहिए। इसलिए लोग इन सब की तुलना में ज्यादा सुविधाजनक-ऑनलाइन चैटिंग को वरीयता देते हैं।

## बटन से कंट्रोल

हम ऑनलाइन कैसे दिखाई देते हैं इसका नियंत्रण हम सिर्फ एक बटन क्लिक कर के कर सकते हैं। सेल्फी कैमरे के साथ स्मार्टफोन और लाखों फिल्टर से हम अपनी एक नकली इमेज आसानी से बना सकते हैं। कई बार तो लोगों को अपनी यह इमेज अपनी असली इमेज से ज्यादा पसंद आने लगती है, और इसलिए वे ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन गपशप और बातचीत में चिपके रहते हैं। हम क्या कहते हैं, और किससे कहते हैं, इसका नियंत्रण भी खुद कर सकते हैं। इसके साथ यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के उपयोग की इच्छा को भी बढ़ाता है।



## साथियों का दबाव

जब ऑनलाइन प्लेटफार्म की शुरुआत हुई तो इसके फायदे तभी पता चले होंगे जब किसी ने पहली बार इसका उपयोग किया होगा। पहले तो हमें इसपर बात करने की आदत नहीं पड़ी थी। फिर इसका चलन बढ़ने के साथ साथियों का दबाव भी इस प्लेटफार्म का इस्तेमाल करने के लिए महसूस किया जाने लगा, और ये भी एक बड़ा कारण था कि युवा एक दूसरे को ऑनलाइन प्लेटफार्म का इस्तेमाल करते देख इसकी ओर आकर्षित होने लगे। अपनी उपलब्धियों और कहानियों को एक दूसरे से शेयर करने लगे। इस प्रकार एक यह ऐसा चक्र बन गया जो कभी कभी बहुत ज्यादा दोषपूर्ण बन जाता है। ऑनलाइन प्लेटफार्म के अधिक उपयोग से हम बिना किसी अनुशासन और नियंत्रण के चैटिंग करते हैं। जिससे हम असभ्य और अविवेकी बन सकते हैं। कई बार तो लोग किसी बहकावे में आकर उनका शिकार भी बन जाते हैं। इसलिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग करते समय हमें अधिक सतर्कता और संयम की आवश्यकता है।




# मशहूर ब्रांड नेम्स की कहानी...

जहां तक ब्रांड की बात है ब्रांड और कुछ नहीं होता है सिर्फ कंपनी की अपनी एक पहचान होती है। कुछ ब्रांड ऐसे भी हैं जो की कई कंपनियों के उत्पादों की पहचान बन गए हैं। क्या कभी आपने सोचा है की किसी भी ब्रांड का नाम आखिर कैसे बनाया जाता है और आज के मशहूर ब्रांड्स के नाम किस प्रकार से बनें हैं। नाईक एक मशहूर ब्रांड है। इसका नाम एक ग्रीक देवी के नाम पर पड़ा है जो की विजय की देवी मानी जाती हैं और इस ब्रांड का चिन्ह उनकी उड़ान का प्रतीक है। बात कोको कोला की करें तो पता चलता है कि असल में इस पेय पदार्थ की मुख्य सामग्री कोला बेरिज और कोको की पत्तियां है इसलिए ही इसको कोको कोला नाम दिया गया है। ऐसे ही पेप्सी नाम एक पाचक एंजाइम पेप्सिन से लिया गया है, हालांकि यह पेप्सी में नहीं होता है। एडिडास ब्रांड का नाम इसके मालिक और निर्माता अडोल्फ डैस्सलर के नाम पर रख गया है असल में अडोल्फ का उपनाम एडि था। अमेजन ब्रांड के मालिक सीईओ जैफ बेजोस अपनी इस कंपनी का नाम ए शब्द से शुरू होने वाला ही रखना चाहते थे और वो चाहते थे की उनकी कंपनी में दुनिया का हर सामान बिके इसलिए उन्होंने इसका नाम चुनने के लिए उन्होंने सबसे बड़ी नदी का नाम चुना। सोनी ब्रांड का नाम लैटिन शब्द ‘सोनस’ से लिया गया है जिसका अर्थ होता है आवाज। वोडाफोन का मतलब आसान शब्दों में हैं वॉइस डाटा टेलीफोन है। नीविया ब्रांड नेम लैटिन शब्द ‘निवेअस’ से बना है जिसका अर्थ होता है बर्फ जैसा सफेद।

## कमिंस ने इस कारण जडेजा के खिलाफ अपील वापस ली : कैफ



**हैदराबाद।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि सीएसके के खिलाफ मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने रविन्द्र जडेजा के खिलाफ अपने लाभ के लिए रन आउट की अपीली नहीं की थी। इस मैच में एक समय रवींद्र जडेजा अपनी क्रीज से बाहर निकल गए थे तभी गेंदबाजी कर रहे भुवनेश्वर कुमार ने स्टंप्स पर गेंद मारने की कोशिश की पर जडेजा गेंद और विकेट के बीच में आ गए। यह विवादास्पद मामला लग रहा था पर इसके बाद भी कमिंस ने अपील नहीं की जिसके लिए उनकी प्रशंसा हो रही है। वहीं दूसरी ओर कैफ का कहना है कि कमिंस के अपील नहीं करन का कारण कुछ और था।

## कोच फ्लेमिंग ने युवा तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी का बचाव किया



**हैदराबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में हार पर निराशा जतायी है। फ्लेमिंग ने इस मैच में कमजोर गेंदबाजी करने वाले युवा तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी का बचाव करते हुए कहा कि आज उसका दिन नहीं था। उन्होंने कहा कि टीम नई प्रतिभाओं को अवसर देना जारी रखेगी। सीएसके को सनराइजर्स से एक रोमांचक मुकाबले में छह विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। इस सत्र में पहली बार खेल रहे मुकेश को 'इंपैक्ट सब्सीट्यूट के रूप में उतारा गया पर उन्होंने एक ही ओवर में 27 रन दे दिये। यह आईपीएल के इस सत्र में दूसरा सबसे अधिक महंगा ओवर रहा। फ्लेमिंग ने कहा, 'आज हमें मुकेश चौधरी को उतारने का मौका मिला। कुछ समय पहले उसने अच्छा प्रदर्शन किया था पर आज वह सफल नहीं रहा।

## टी20 विश्वकप नहीं खेलने से स्टोक्स का करियर बेहतर होगा : ब्रॉड

### आर्चर की फिटनेस को लेकर चिंता जतायी

**मुंबई, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के इस इस साल टी20 विश्व कप से बाहर रहने के फैसले को सही बताया है। स्टोक्स ने फिटनेस कारणों का हवाला देते हुए विश्वकप से अपना नाम वापस ले लिया है। वहीं तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कहा है कि वह अब फिट हो गये हैं और विश्वकप में खेलने के लिए तैयार हैं।

ब्रॉड ने माना है कि इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में स्टोक्स की कमी महसूस होगी पर साथ ही कहा कि टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए पर्याप्त खिलाड़ी उपलब्ध हैं। ब्रॉड ने कहा, 'स्टोक्स ने अपने करियर को देखते हुए ये कदम उठाया है। स्टोक्स ने पिछले कुछ समय में शानदार फैसले लिए हैं जो उनके करियर के लिए लाभदायक रहेंगे। उन्होंने कहा, 'वह वैसा ही



आलराउंडर बनना चाहता है जैसा वह हुआ करता था। इसलिए वह काम का बोझ कम करना चाहता है। टी20 विश्व कप के दबाव को देखते हुए यह सबसे बेहतर विकल्प है।

वहीं आर्चर बड़ी मुश्किल से चोट से उबरे हैं पर उन्हें दो साल का अनुबंध मिलना तय है। इससे अंदाजा होता है कि टीम प्रबंधन उनकी जल्द ही वापसी चाहता है। ब्रॉड ने कहा कि वह विश्व कप में उनकी वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हां, यह चिंता का विषय है। विश्व क्रिकेट के लिए वह एक शानदार प्रतिभा है। वह मैच विजेता है।

# हार से मानसिक स्वास्थ्य भी होता है प्रभावित : सानिया

### मुश्किल समय में मुझे अपने परिवार और टीम का साथ मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

महिला टेनिस टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने कहा कि किसी भी टूर्नामेंट में हार और जीत का प्रभाव जीवन पर पड़ता है। सानिया के अनुसार टूर्नामेंट में हार से खिलाड़ियों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। साथ ही कहा कि जब वह खेलती थीं तब खिलाड़ियों के कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य पर कोई बात नहीं होती थी जबकि आज ऐसा हो रहा है जो एक अच्छी बात है। सानिया ने कहा कि उस समय जब भी उन्हें किसी टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा तो उन्हें अपने परिवार और टीम से समर्थन मिला।



उन्होंने अपने खेल के दिनों को याद करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बहुत कठिन था क्योंकि उस दौर में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में ज्यादा बातें नहीं होती थीं। हाल ही में इस पर बातें शुरु हुई हैं। प्रतिदिन के हिसाब से देखा जाये तो टूर्नामेंट में हार का सामना काफी मुश्किल होता था। सानिया ने पिछले साल फरवरी में ही खेल से संन्यास ले लिया था।

सानिया से जब पूछा गया कि तब वह हार का सामना कैसे करती थीं तो उन्होंने कहा कि उस दौरान, मैं काफी भाग्यशाली रही थी क्योंकि मुझे अपने परिवार और टीम से पूरा समर्थन मिला था। ऐसे में मेरा प्रयास दिमाग को स्थिर बनाये रखने पर लगा था। उन्होंने ये भी कहा कि कठिन समय में मानसिक स्वास्थ्य से निपटना और भी चुनौती पूर्ण हो जाता है। ऐसे में कभी-कभी इससे खिलाड़ी उबर नहीं पाते हैं। इसलिए ऐसे समय में संभलना आसान नहीं होता।

# आईपीएल में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला आज

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 के एक अहम मुकाबले में रविवार को अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला करेगी। मुंबई का लक्ष्य इस मैच को जीतकर किसी भी प्रकार टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करना रहेगा। हार्दिक पंड्या के कप्तानी संभालने के बाद टीम को अब तक हुए तीनो ही शुरुआती मुकाबलो में हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। पांच बार की विजेता टीम को इस प्रकार एक जीत के लिए तरसता देखकर प्रशंसकों में भी खासी नाराजगी है। इससे पंड्या को भी लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन भी अब तक अच्छा नहीं रहा है ओर उसे तीन में से केवल एक ही मैच में जीत मिली है। वह भी उसे अपने कप्तान की आक्रामक पारी से मिली। दिल्ली के लिए राहत

### दोपहर 3:30 से शुरू होगा मैच




की बात ये है कि ऋषभ अब अपना पुराना फार्म हासिल करते जा रहे हैं हालांकि टीम की जीत के लिए सभी को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अब तक दोनो ही टीमों की बल्लेबाजी और गेंदबाजी खास नहीं रही है। इसलिए इस मुकाबले में किसका पलड़ा भारी रहेगा ये कहा नहीं जा सकता है।

वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रहती है। ऐसे में जीत के लिए बड़ा स्कोर बनाना होगा। मुंबई की पिच में शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को सहायता रहती है। ऐसे में शुरुआत में बल्लेबाजों को सतर्क होकर खेलने की जरूरत है। मुंबई इंडियंस इस सत्र में एकमात्र टीम है, जो जीत हासिल नहीं कर पाई है पर इस मैच से सूर्यकुमार यादव की वापसी से उसे लाभ हो सकता है। इससे मुंबई की बल्लेबाजी मजबूत होगी। सूर्या के आने से मध्यक्रम मजबूत होगा। दोनो ही टीमों को जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मुम्बई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी अब तक अपने नाम के अनुसार गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। अब देखना है कि इस मैच में वह किस प्रकार की गेंदबाजी करते हैं। दिल्ली के गेंदबाज पिछले मैच में विफल रहे थ। अब इस मैच में उन्हें पिछली गलतियों को नहीं दोहराना होगा।

## युवराज की प्रेरणा से तेज पारी खेल पाया : अभिषेक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सनराईजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हुए आईपीएल 2024 के एक अहम मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिलने के बाद पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को इसका श्रेय दिया है। इस मैच में अभिषेक शर्मा ने 308 के स्ट्राइक रेट से रन बताकर सबको हैरान कर दिया। अभिषेक ने कहा, गेंदबाजी करते समय हमें लगा था कि ये धीमा विकेट है। इससे हमें पता चल गया कि हम पावरप्ले में आधिक से अधिक रन बना सकते हैं। इस आईपीएल से पहले हमारे पास अभ्यास के लिए अच्छा अवसर था। हमें पता था कि बड़े स्कोर ही जीत के लिए चाहिये। इसलिए मैंने उसी अनुसार बल्लेबाजी की। इसकी लिए प्रेरित करने वाले युवराज सिंह, ब्रायन लारा का मैं आभारी हूं।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। अभिषेक ने 12 गेंदों पर 37 रन बना दिये। उन्होंने 308 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए. अभिषेक ने 3 चौके और 4 छक्के लगाये। इस मैच में जीत के साथ ही सनराईजर्स हैदराबाद की टीम अंक तालिका में 5वें नंबर पर पहुंच गयी है। अब उसके खाते में 4 अंक हो गए हैं। उसे बेहतर रन रेट का भी लाभ मिला है।



## अगले हफ्ते मुश्किलों से बाहर निकल सकती है एयरलाइन विस्तारा: सीईओ

- पिछले कुछ दिनों से कई फ्लाइट्स कैंसिल होने से परेशानी में चल रही है विस्तारा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीते कुछ समय से संकटों का सामना कर रही विस्तारा एयरलाइन की मुश्किलें जल्द ही खत्म होने वाली है। कंपनी के सीईओ विनोद कन्नन ने संभावना जताई है कि एयरलाइन में अचानक से जो संकट सामने आया है वो अगले हफ्ते तक खत्म हो सकता है। गौरतलब है कि कंपनी के सीईओ विनोद कन्नन से इस बारे में एक साक्षात्कार में कंपनी से जुड़ी इन परेशानियों की बातों पर चर्चा की। कन्नन ने कहा कि हो सकता है कि पिछले कुछ दिनों में एयरलाइन की कई फ्लाइट्स कैंसल होने के पीछे कारण यही रहा कि एयरलाइन ने ज्यादा एग्रेसिव रणनीति अपनाई और इसका पूरा असर ऑपरेशंस पर पड़ा। बता दें कि विस्तारा एरलाइन के ऑपरेशन्स में बीते कुछ दिनों से परेशानी चल रही है। बीते 1 और 2 अप्रैल को विस्तारा की दोनों दिनों में करीब हर दिन 50-50 फ्लाइट्स कैंसल हुईं। वहीं 3 अप्रैल को भी एयरलाइन्स ने 20 से भी ज्यादा फ्लाइट्स रद्द की थी। इस मामले में डीजीसीए से भी एयरलाइन को फटकार लगी थी और ये निर्देश दिए गए थे कि किसी भी फ्लाइट के रद्द होने के पहले एयरलाइन को सूचना देनी होगी। एयरलाइंस ने 10 अप्रैल तक के लिए कैंसलेशन दो-तीन दिन एडवांस में किया है। वहीं इस वीकेंड यानी शनिवार और रविवार को एयरलाइन पूरे अप्रैल के लिए फ्लाइट्स बंद कर सकती है। ये कटौती मई में भी जारी रह सकती है। सीईओ ने ये भी कहा कि एयरलाइन पायलटों का पक्ष सुनने को तैयार है। कंपनी चाहती है कि कोई बीच का रास्ता निकले और ऑपरेशन्स में कोई कमी न आए। इसी के साथ कंपनी रोस्टर, हायरिंग जैसे मामलों को भी सुलझाने में लगी हुई है।

# धान का रकबा 11 फीसदी बढ़कर 29.44 लाख हेक्टेयर हुआ

### पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 6.33 लाख हेक्टेयर था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस मौसम में दलहन, तिलहन फसलों के साथ ही धान के रकबा में बढ़ोतरी देखी जा रही है। दाल की महंगाई के बीच दलहन फसलों के रकबा में बढ़ोतरी होना उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। समर सीजन में धान का रकबा करीब 11 फीसदी बढ़कर 29.44 लाख हेक्टेयर दर्ज किया। इस मौसम की प्रमुख दलहन फसल मूंग है। 5 अप्रैल तक इस मौसम में 6.52 लाख हेक्टेयर में मूंग की बोआई हो चुकी है। पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 6.33 लाख हेक्टेयर था। इस मौसम में मूंग का रकबा 3 फीसदी बढ़ा है। इस मौसम की दूसरी प्रमुख दलहन फसल उड़द के रकबा में 5.6 फीसदी



इजाफा हुआ है। 5 अप्रैल तक 2.23 लाख हेक्टेयर में उड़द बोई जा चुकी है, जबकि पिछले साल इस तारीख तक 2.11 लाख हेक्टेयर में उड़द की बोआई हुई थी। इस मौसम में अब तक कुल दलहन की बोआई का आंकड़ा 8.97 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया, जो पिछली समान अवधि में 8.70 लाख हेक्टेयर में हुई कुल बोआई से 3.10 फीसदी ज्यादा है। तिलहन फसलों के रकबा में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इस सप्ताह तक 8.48 लाख हेक्टेयर में तिलहन फसलों की कुल बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 8.26 लाख हेक्टेयर में बोई गई कुल तिलहन फसलों से ज्यादा अधिक है। मूंगफली समर सीजन की सबसे बड़ी तिलहन फसल है। इस सप्ताह तक 3.89 लाख हेक्टेयर में मूंगफली की बोआई हो चुकी है। पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 3.77 लाख हेक्टेयर था। चालू समर सीजन में तिल का रकबा पिछले साल के 4 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 4.10 लाख हेक्टेयर, सूरजमुखी का रकबा 3.57 फीसदी बढ़कर 0.29 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्रीय बैंक के कुछ नियमों के उल्लंघन के मामले के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर एक्शन लिया है। आरबीआई ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर एक करोड़ रुपये और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर 49.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इस बारे में खुद आरबीआई ने बताया। आरबीआई ने कहा कि कहा कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर ये जुर्माना कुछ निर्देशों का पालन न करने के कारण लगाया गया है। वहीं एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर 'नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (रिजर्व बैंक) दिशानिर्देश, 2021' के प्रावधानों के उल्लंघन को लेकर ये जुर्माना लगाया गया है।

## कच्चा तेल 91 डॉलर के पार, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी है। ब्रेंट क्रूड उछलकर 92 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## ओला ने पेश किया इलेक्ट्रिक स्कूटर 'ओला सोलो'

**नई दिल्ली।** अपने लेटेस्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर 'ओला सोलो' को कंपनी ओला ने पेश किया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर पूरी तरह से ऑटोनॉमस कैपेबिलिटीज और एंडवांस एआई टेक्नोलॉजी के साथ अर्बन कम्यूटिंग को बदलने का वादा करता है। सोलो को 'भारत का पहला ऑटोनॉमस इलेक्ट्रिक स्कूटर' कहा जा रहा है। अभी इसकी लॉन्चिंग या कीमत को लेकर जानकारी नहीं मिली है। ये एक प्रोटोटाइप है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से इक्विप्ड, सोलो पूरी तरह से ऑटोनॉमस और ट्रैफिक-सैवी स्कूटर है। इनोवेटिव जेयु-गार्ड एडाप्टिव एल्गोरिदम से पावर्ड, ये स्कूटर हर राइड से सीखता है और एक स्मार्ट और ज्यादा एफिशिएंट ट्रैवल एक्सपीरिएंस सुनिश्चित करता है। इसके अलावा इसमें दिया गया इन-हाउस चिप एलएमए 09000 शहर की सड़कों पर सहजता से नेविगेट करने के लिए रियल टाइम ट्रैफ़िक डेटा का उपयोग करता है। ओला इलेक्ट्रिक के को-फाउंडर भाविश अग्रवाल ने सोलो के लॉन्च की घोषणा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए की और इसे इलेक्ट्रिक स्कूटर के सेक्टर में एक माइलस्टोन बताया।

# शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

- सेंसेक्स 20.59 अंक बढ़कर 74,248 पर बंद
- निफ्टी 0.96 अंक फिसलकर 22,500 पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों और मुनाफावसूली की वजह से बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। वहीं शुक्रवार को आरबीआई की मौद्रिक समिति की बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने के फैसले से सेंसेक्स में तेजी दिखाई दी और निफ्टी कमजोर होकर बंद हुआ। बीते पांच कारोबारी दिनों में से शेयर बाजार में तीन दिन तेजी



और दो दिन गिरावट रही। भारतीय इक्विटी सूचकांक सोमवार को एशियाई बाजारों में तेजी और अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों में मामूली राहत के बाद हरे निशान पर खुले। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 533 अंक बढ़कर 74,189 पर खुला और 363.20 अंकों की बढ़त के साथ 74,014.55 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 178 अंक की बढ़त के साथ 22,506 के स्तर पर खुला और 135.10 अंक मजबूत होकर 22,462.00 के स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में कमजोर शुरुआत हुई। मंगलवार को सेंसेक्स में 57.62 अंकों की मजबूती के साथ 74,043.96 के स्तर पर खुला और 110.64 अंकों की गिरावट के साथ 73,903.91 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 31.71 चढ़कर 22,493.70 पर खुला और 8.71 अंक गिरकर 22,453.30 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में बुधवार को भी लाल निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 146 अंकों की गिरावट के साथ 73758 के स्तर पर खुला और 27.09 अंक टूटकर 73,876.82 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 में 67 अंकों की गिरावट के साथ 22385 के स्तर पर खुला और 18.65 अंक गिरकर 22,434.65 पर बंद हुआ। गुरुवार को प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी फिर रिकॉर्ड स्तर पर कारोबार करते दिखे। इस दौरान सेंसेक्स 500 अंक उछलकर 74,400 पर खुला और 350.81 अंकों की मजबूती के साथ 74,227.63 के लेवल पर बंद हुआ।

## भारत अगले साल यूरिया आयात करना बंद कर देगा: मांडविया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत 2025 के आ?खिरी तक यूरिया का आयात बंद कर देगा। मांडविया ने कहा कि भारतीय कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश पिछले 60-65 साल से फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर रहा है। अब सरकार नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है। वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग फसल और मिट्टी की गुणवत्ता के लिए अच्छा है। हम इसे बढ़ावा दे रहे हैं। यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के बारे में मांडविया का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने यूरिया आयात पर निर्भरता खत्म करने के लिए दोतरफा रणनीति अपनाई है। मंत्री ने बताया ?कि सरकार ने चार बंद यूरिया संयंत्रों को फिर शुरू किया है और एक अन्य कारखाने को चालू करने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग को पूरा करने के लिए भारत को सालाना करीब 350 लाख टन यूरिया की जरूरत होती है। स्थापित घरेलू उत्पादन क्षमता 2014-15 में 225 लाख टन से बढ़कर करीब 310 लाख टन हो गई है। वर्तमान में वार्षिक घरेलू उत्पादन और मांग के बीच का अंतर करीब 40 लाख टन है। उन्होंने कहा कि पांचवें संयंत्र के चालू होने के बाद यूरिया की वार्षिक घरेलू उत्पादन क्षमता करीब 325 लाख टन तक पहुंच जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा पीजी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि., प्लॉट नं. 18, इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर म.प्र. से मुद्रित एवं विजय मत भवन, गायत्री मंदिर रोड, वार्ड नं. 13, शहडोल, म.प्र. से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
(*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र शहडोल होगा। आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2018/76119, e-mail: vijaymat.sdl@gmail.com

# बिना अनुमति व स्वीकृति के शहर में तैयार हो रहे मकान

## मनमानी तरीके से कराया जा रहा निर्माण कार्य,नगर पालिका द्वारा नहीं की जा रही कार्यवाही

**विजय मत, शहडोल।**

जिले के सभी नगर पालिका एवं नगर परिषद क्षेत्र में अपनी मर्जी से भवन निर्माण करने वालों के खिलाफ नगर पालिका की ओर से न तो कार्रवाई की जा रही है और न ही ऐसे लोगों को समझाइस दी जा रही है। जिससे लोग मनमाने तरीके से बिना नक्सा पास कराए ही निर्माण करा रहे हैं। इससे एक ओर जहां पर आसपास के रहने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है तो वही नगर पालिका को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

**सुरक्षा मापदंडों का नहीं हो रहा पालन** –किसी भी निर्माण का नक्शा स्वीकृत कराने पर नगर पालिका को औसतन हजार वर्गफीट के मकान में बतौर शुल्क मिलते हैं। आउटर की कॉलोनियों या अविकसित क्षेत्रों में निर्माण होने पर विकास शुल्क के साथ नक्शे की स्वीकृति देने पर नगर पालिका को राजस्व मिलता है। इस दौरान निर्माण के दौरान सुरक्षा के मापदंडों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच इंजीनियरों के माध्यम से कराई जाती है। इस प्रक्रिया में कई तरह की दिक्कतें और पेचीदीगियां होने की वजह से लोग बगैर नक्शा स्वीकृत कराए या फिर नक्शा स्वीकृत कराने की खानापूर्ति कर निर्माण करते हैं।

**नगर में भवन निर्माण का यह है नियम** –नगर पालिका क्षेत्र में कोई भी मकान या व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाने से पहले नगर पालिका से आदेश लेना जरूरी होता है। उसके बाद नपा की तरफ से प्रतिनियुक्त आर्किटेक्ट स्थल का निरीक्षण करते हैं। भू-स्वामी को निर्धारित फीस जमा करनी होती है। जिसके बाद जमीन के हिसाब से नक्शा बनाकर दिया जाता है। इसके बाद ही मकान बनाया जा सकता है। इनको नहीं मानने पर दंड का प्रावधान है। जिसमें शुल्क के रूप में राशि की वसूली के साथ ही मकान के निर्माण को रोका जा सकता है। नगर पालिका की तरफ से अवैध निर्माण को तोड़ा भी जा सकता है। पर अभी शहर के सभी वार्डो में से कोई ही ऐसा वार्ड होगा, जहां अवैध ढंग से ऐसे निर्माण कार्य नहीं कराए जा रहे हैं।



**हो रहा राजस्व का नुकसान** –इससे एक ओर नगर पालिका को जहां राजस्व का नुकसान होता है और दूसरी ओर सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठते हैं। चूंकि नगर पालिका को सूचना ही नहीं रहती कि कहां निर्माण चल रहा है इसलिए वहां सुरक्षा के मापदंडों की जांच ही नहीं की जाती। नगर पालिका ने पिछले कई साल से अवैध निर्माण के खिलाफ किसी तरह की कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है।

**की जा रही नियमों की अनदेखी** –पक्के आवास का सपना हर किसी का होता है। ऊपर से यदि घर शहरी क्षेत्र में बन जाए तो फिर क्या कहना। लेकिन नियमों को ताख पर रखकर घर बनवाना उचित नहीं। बावजूद इसके शहरी क्षेत्र में बीते कई वर्षो से लोग कायदों की अनदेखी कर रहे। आलम ये है कि शहर के नए इलाके के साथ ही पुराने क्षेत्र में भी बिना नक्सा पास कराए ही कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं नगर पालिका में कुछ लोग मकान निर्माण कराने की ही अनुमति ले रहे हैं।

**नाली व सड़क का अतिक्रमण** –एक तरफ सड़क पर ही रेत, गिट्टी, ईंट आदि से रास्ता अवरुद्ध कर इन मकानों व दुकानों का निर्माण कराया जाता है। तो दूसरी तरफ शहरी जमीन के आसमान छूते भाव के कारण निर्माण कार्य के दौरान नाला के ऊपर सीढ़ी, खिड़की व छज्जा को मुख्य सड़क पर ही बना लेना आम बात है। जिसमें नगर पालिका के कर्मियों की भी मौन सहमति होती है। यह कार्य निरंतर चल रहा है। यह लोगों के नजर में तब आती है, जब इससे समस्या खड़ी होती है।

## यूज इन शॉर्ट



### सारे काम छोड़ दो 100 प्रतिशत वोट दो, बनाई मतदान की रंगोली

शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में शहडोल जिले के बुढार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत झींगबिजुरी में मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए मतदान की रंगोली बनाई गई एवं मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। रंगोली में लिखा गया सारे काम छोड़ दो 100 ल वोट दो, साथ ही आने वाले 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।



### पुष्पगुच्छ देकर मतदान हेतु किया जा रहा आमंत्रित

शहडोल- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्षन एवं निर्देशन में जिलें में शत-प्रतिशत मतदान करने एवं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उदेश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क ?ी में आज जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बराछ पेसा मोबिलाइजर श्रीमती वेदवती पटेल द्वारा घर-घर जाकर वरिष्ठ मतदाताओं को पुष्पगुच्छ देकर मतदान हेतु आमंत्रित किया एवं 19 को मतदान करने की अपील भी की।



### दिव्यांग एवं 85 वर्षीय मतदाताओं को मिली होम वोटिग की सुविधा

शहडोल - भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं को डाकमत पत्र से घर से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई। इसी कड़ी में जिले के विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी के अंतर्गत ग्राम भमरहा-1 निवासी दिव्यांग मतदाता बुट्टी सोकत 68 वर्षीय, ब्यौहारी नगर के वार्ड नं. 9 निवासी दिव्यांग मतदाता रितिक ताम्रकार, ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत उकसा निवासी दिव्यांग मतदाता सावित्री पटेल, विधानसभा जयसिंहनगर के अंतर्गत शहडोल नगर के 86 वर्षीय बीआर मिश्रा सहित जिले के अन्य दिव्यांग एवं 85 या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं को होम वोटिग की सुविधा प्रदान की गई।

## ग्राम तिखवा, सीधी एवं केशवाही में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**विजय मत, शहडोल।**

शहडोल जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिले के ग्राम तिखवा, सीधी एवं केशवाही में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान गली मोहल्ले में पहुंचकर चला चली मतदान करी अपने मत के मान करी, जन जन की यही पुकार वोट डालो अब की बार, के नारे, भी लगाए गए।

गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उददेश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

## 108 वर्षीय मतदाता ने उत्साह के साथ किया मतदान



शहडोल।

सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक% कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के पाण्डवनगर निवासी 108 वर्षीय श्रीमती कैलसुआ सोंधिया के घर जाकर मतदान हेतु हौसला अफजाई की। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं को डाकमत पत्र से घर से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई। होम वोंटिग की सुविधा के तहत आज 108 वर्षीय मतदाता श्रीमती कैलसुआ सोंधिया ने अपने मताधिकार का प्रयोग उत्साह एवं उमंग के साथ किया।

### दिव्यांग को मिली चलित मतदान की सुविधा

शहडोल। शहडोल नगर के वार्ड नं. 29 के दिव्यांग महेन्द्र तिवारी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलित मतदान दल की सुविधा मिली है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा के कारण दिव्यांग महेन्द्र तिवारी ने अपने घर पर ही होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लेकर मतदान किया। इस अवसर पर कमिश ?नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरुण भटनागर ने दिव्यांग महेन्द्र तिवारी से मिलकर उनकी हौसला अफजाई की।

## मतदान अधिकारी पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका का गहन अध्ययन करें-कमिश्नर

**विजय मत, शहडोल।**

कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने शासकीय इन्दिरा गांधी कन्या महाविद्यालय शहडोल में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए चल रहे मतदान प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल तरुण भटनागर भी साथ रहे। इस दौरान कमिश्नर ने प्रशिक्षण ले रहे मतदान कर्मियों से कहा कि वे मतदान की प्रक्रिया को समझें, मतदान के नियमों को समझें और नियमों के अनुसार मतदान प्रक्रिया को पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि सभी मतदान अधिकारियों को मतदान में शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका का अध्ययन करना चाहिए। कमिश्नर ने इस दौरान ईव्हीएम संचालन की जानकारी प्रषिक्षण ले रहे मतदान कर्मियों से ली। कमिश्नर ने ईडीसी के संबंध में भी मतदान कर्मियों से जानकारी ली। वहीं टेन्डर वोट किस स्थिति में किया जाता है, इस संबंध में भी मतदान कर्मियों से जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कमिश्नर को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान कर्मियों को दिए जा रहे विभिन्न चरणों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। कमिश्नर ने इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर्मियों के लिए बनाए गए डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र का भी अवलोकन किया ।

## वृद्ध जनों को होने वाली समस्याओं पर किया विचार मंथन

**विजय मत, शहडोल।**

शनिवार को पंडित एस एन शुल्क . वि. वि के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के छात्रों ने प्रो. नीलिमा खरे के निर्देशन में वार्ड न 7/10 के वृद्ध जन के साथ बैठकर छोटे शहरों में वृद्धों को होने वाली समस्याओं पर विचार मंथन किया जहा कई बातें दैनिक जीवन को प्रभावित करती हैं। अच्छे स्वास्थ्य सेवाओं की कमी छोटे शहरों में वृद्धों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। यहां अस्पतालों, चिकित्सकों और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी का सामना करना पड़ता है। वृद्धों को सामाजिक और मानसिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। इसमें उनकी उपेक्षा, अकेलापन और मनोविकार शामिल हो सकते हैं। आर्थिक समस्याओं की बात रखी गई । जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए उपयुक्त माध्यम नहीं मिल पाते हैं। उनके लिए समाजिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की कमी । वृद्धों की सुरक्षा की समस्याएं का सामना करना पड़ता है । उनकी बेहतर सुरक्षा के लिए उपयुक्त व्यवस्थाएं नहीं हो पाती या वह किसी को बता नही पाते। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्हें उचित स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा, व्यायाम, मनोरंजन और शिक्षा की सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए ताकि वृद्धों को उचित जीवनस्तर और समाज में सम्मान प्राप्त हो सके। ऐसा उपस्तित युवाओं ने अपने सुझाव रखे जिससे समाज को उनका सानिध्य मिलता रहें। समाज में परिवर्तन होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है । मगर संस्कारों का दूषित होना यह समाज का कोई भी वर्ग नही सिखाता क्योंकि सभी एक दिन वृद्ध होंगे यह प्राकृतिक सत्य है । युवा जैसा अपने बुजुर्गों के साथ करेंगे वही उन्हे अपने बच्चो से प्राप्त होगा । कहावत है बोए पेड़ बाबुल का तो आम कहा से होए।छात्रा दिव्या तिवारी का सुझाव था की हम युवाओं को समूह बनाकर सप्ताह या माह में एक दिन वार्ड या आस पास के वृद्ध जनों के बैठ कर उनके अकेलेपन को और अनुभव को संग्रहित करना चाहिए जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो।उस दौरान आगनवाड़ी कार्यकर्ता मीसा पाठक , सहाइका ,आदर्श स्वास्थ्य समिति शहडोल के सदस्य , आशा कार्यकर्ता आरती जोतवानी , सहायक प्राध्यापक अतिथि डॉ नितिन गर्ग , डॉ अशोक डहरिया एम एस डब्लू सेकेंड सेमेस्टर से शिवम,माधुरी,रेशमी,शाक्षी, निकेता,निकिता,करण,निधि,अंचल,संध्या, दिव्या, सुमन, द्रोप्ति, रश्मी,संजना,संदीप एवम फोर्थ सेमेस्टर से शुभम,रुचि, प्रीति,आकृति,कलावती,प्रांजल ,मिताली,नेहा एवम वार्ड 7/10 के वृद्ध उस दौरान आगनवाड़ी में उपस्थित रहें।



**प्रशिक्षण**

### मतदान कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दें- कमिश्नर

# कमिश्नर ने चुनाव प्रशिक्षण का लिया जायजा





**विजय मत, शहडोल।**

कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए शासकीय महाविद्यालय उमरिया में मतदान कर्मियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान कमिश्नर ने मतदान कर्मियों से चर्चा की तथा मतदान कर्मियों के मतदान से संबंधित विभिन्न शंकाओ का समधान भी किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से मतदान करना सभी मदान कर्मियों की जवाबदेही है।

उन्होंने कहा कि मतदान दलो के मतदान कर्मी एक दूसरे के साथ समन्वय कर मतदान सुचारु रुप से संपन्न कराएं। कमिश्नर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्हानें कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए मतदान अधिकारी पीठीसीन अधिकारी की पुस्तिका का गहन अध्ययन करें। पीठासीन अधिकारी पुस्तिका को बार-बार पढ़े इससे मतदान कर्मियों को मतदान कराने में सहायता मिलेगी। कमिश्नर ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं करें। मतदान कर्मियों को ईव्हीएम का संचालन आना चाहिए। माकपोल के प्रक्रिया को सभी मतदान कर्मी ठीक से समझ लें। इस दौरान कमिश्नर ने शासकीय महाविद्यालय उमरिया में दिये जा रहे मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के सभी कक्षों का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण ले रहे मतदान कर्मियों से रूबरू होकर चर्चा की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभय ओहरिया, एवं अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश भी साथ रहे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने होम वोंटिग कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने होम वोंटिग कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के पाण्डवनगर निवासी दिव्यांग मतदाता एसडी शर्मा के घर जाकर होम वोंटिग सुविधा कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि होम वोंटिग कार्य को गोपनीयता तथा सावधानी बरतते हुए कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, तहसीलदार श्रीमती दिव्या सिंह सहित अन्य अधिकारी साथ रहें।

# मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों की ओपीडी में बढ़ी संख्या




**विजय मत, शहडोल।**

जिले में गर्मी की आहट के साथ बदलते मौसम के मिजाज ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम के बदलते तेवर के चलते मौसमी बीमारियों में भी इजाफा हो रहा है और इसकी तस्वीर जिला चिकित्सालय के ओ.पी.डी. में देखने मिली, बडी तादात में मरीज उपचार कराने पहुंचे जहां अधिकतर मरीज मौसमी बीमारी सर्दी खांसी, उल्टी, दस्त व बुखार के थे जिनमें बच्चे, बूढे प्रभावित नजर आये चिकित्सको ने उपचार के दौरान मरीजो को सावधानी बरतने की सलाह जारी किये खास तौर पर इस मौसम में खान पान एवं पेय जल के उपयोग में सावधानी बरतने की बात कही तथा मच्छरदानी का उपयोग करने एवं ज्यादा मसालेदार भोजन न करने, आयली भोजन से दूर रहने व बासा भोजन न करने की सलाह दी साथ ही उबला एवं स्वच्छ जल पीने की बात कही। यह भी कहा कि सर्दी खांसी व बुखार आने पर चिकित्सक की सलाह से दवा गोली का सेवन करें। बुखार आने पर कमजोरी लगे तो इसे साधारण बुखार न समझे जिला चिकित्सालय में जांच सुविधा उपलब्ध है।

**जांच कराना जरूरी**–सिविल सर्जन ने बताया कि इस मौसम में मौसमी बीमारी के साथ डायरिया एवं डेंगू जैसी बीमारियों की भी संभावना बनी रहती है ऐसी दषा में बुखार आने पर जांच कराना जरूरी है एवं चिकित्सकीय सलाह के बगैर घरेलू उपचार से बचे। ऐसा नही कि जिला चिकित्सालय में ही मरीजों की संख्या में बढोतरी देखी जा रही है बल्कि ग्रामीण इलाको में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र व निजी चिकित्सको की क्लीनिको में भी मरीजो की लम्बी कतार लग रही है। वही मैदानी स्वास्थ्य अमले को भी सजगता से काम करने की जरूरत है और लोगो को इस बावद सलाह मुहैया कराते हुए लक्षण पाये जाने की दषा में जांच व इलाज कराने की इस तरह मौसम बदलने और तापमान में कमी से होने से बीमारियों का प्रकोप बढने की संभावना बनी हुई है।

**सावधानी रखना जरूरी**–सिविल सर्जन डॉ. जीएस परिहार का कहना है कि यह वायरल बुखार का समय है। मरीज बढ़ भी रहे हैं। इसलिए सभी को पूरी सावधानी रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खांसते या छींकते समय मुंह व नाक को रुमाल से ढंक लें। मास्क लगाए रखें। इससे स्वयं और दूसरों की भी बचत होगी। पानी का सेवन ज्यादा से ज्यादा किया जाना लाभदायक होगा।